सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन
2016–2017

बौद्धिक
सम्पदा भारत



कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक उपदर्शन
भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग

Jaina Offsetprinters

सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन
2016–17

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक उपदर्शन

भारत

हम हैं

सत्यमेव जयते

औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
भारत सरकार

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न

पेटेंट	डिजाइन	व्यापार चिह्न	भौगोलिक उपदर्शन	कॉपीराइट	अर्धचालक एकीकृत परिपथ अभिन्यास डिजाइन	पेटेंट सूचना पद्धति व राजीव गाँधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान
अभिनव उत्पादों व प्रक्रियाओं का संरक्षण करता है **पेटेंट कार्यालय** **कोलकाता, दिल्ली, मुंबई व चेन्नई**	वस्त्र डिजाइनों सहित रचनात्मक डिजाइनों का संरक्षण करता है डिजाइन स्कन्ध, कोलकाता	किसी व्यवसाय के विशिष्ट प्रतीक का संरक्षण करता है व्यापार चिह्न रजिस्ट्री कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई व अहमदाबाद	किसी भौगोलिक क्षेत्र के विशिष्ट पारंपरिक उत्पादों का संरक्षण करता है, "भारत मे बना भारत द्वारा बना भारत के रत्न" "मेड इन इंडिया मेड बाय इंडिया जेवेल्स ऑफ इंडिया" भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री चेन्नई	सांस्कृतिक, कलात्मक और साहित्यिक कार्यों का संरक्षण करता है कॉपीराइट रजिस्ट्री दिल्ली	एकीकृत परिपथ के अभिन्यास-डिज़ाइन अथवा स्थलाकृति विवरण का संरक्षण करता है अर्धचालक एकीकृत परिपथ अभिन्यास डिजाइन रजिस्ट्री दिल्ली	**नागपुर**

भारत व विश्व की बौद्धिक रचनाओं को संरक्षित करना

अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करते हुए तथा बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर वैश्विक विकास के साथ तालमेल बनाते हुए राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करते हैं

अनुक्रमणिका

अध्याय	विषय-वस्तु	पृष्ठ संख्या
अध्याय–1	प्राक्कथन	5
अध्याय–2	बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्ति – एक झलक	10
अध्याय–3	जन सेवा प्रदान – दक्षता और पारदर्शिता	16
अध्याय–4	पेटेंट	25
अध्याय–5	डिजाइन	51
अध्याय–6	व्यापार चिह्न	65
अध्याय–7	भौगोलिक उपदर्शन	80
अध्याय–8	अर्धचालक एकीकृत परिपथ अभिन्यास डिजाइन	87
अध्याय–9	कॉपीराइट	90
अध्याय–10	पेटेंट सूचना पद्धति एवं राजीव गाँधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान	94
अध्याय–11	अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	106
अध्याय–12	पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी)	112
अध्याय–13	प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं बर्हि–क्रियाकलाप	116
अध्याय–14	मानव संसाधन	123

1. प्राक्कथन

किसी देश में प्रबल बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रणाली घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तर पर व्यापार और वाणिज्य के विकास की सुविधा प्रदान करती है, और व्यापार में प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त देती है।

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न जो एकस्व, व्यापार चिह्न, अभिकल्प, डिजाइन व भौगोलिक उपदर्शन के प्रशासन के लिए उत्तरदायी है, इस वर्ष से कॉपीराइट व अर्धचालक एकीकृत परिपथ अभिन्यास डिजाइन के प्रशासन के लिए भी उत्तरदायी है। इस प्रकार, कार्यालय अब देश में सभी प्रमुख बौद्धिक सम्पदा विधानों का संचालन करता है जिससे कार्यात्मक तालमेल बनता हैं और प्रक्रियाएँ सुव्यवस्थित बनती है जिसके कारण हितधारकों को बेहतर सेवाएं मिलती हैं।

भारत सरकार ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के निर्माण और संरक्षण के लिए अनुकूल वातावरण स्थापित करने और देश में बौद्धिक संपदा प्रशासन को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति 12 मई 2016 को भारत सरकार द्वारा शुरू की गई थी जिसमें बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रशासन व प्रबंधन सहित सात उद्देश्य शामिल हैं। यह देश में स्थिर बौद्धिक सम्पदा शासन को बढ़ावा देने तथा देश के औद्योगिक व आर्थिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नवाचार को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। कार्यालय ने राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार नीति के उद्देश्यों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं जिसमे बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रबंधन को सुदृढ़ करना व सभी हितधारकों की बौद्धिक सम्पदा प्रणाली तक पहुंच में आसानी सुनिश्चित करना शामिल है।

वर्ष के दौरान, बौद्धिक सम्पदा आवेदनों के संसाधन में दक्षता, एकरूपता व स्थिरता बढ़ाने के लिए, पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए, बौद्धिक सम्पदा संबंधित जानकारी के प्रसार के लिए, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए व जनता के बीच बौद्धिक सम्पदा जागरूकता को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए।

मई 2016 में पेटेंट नियम, 2003 में संशोधन लागू हुए जिनसे प्रक्रियाओं को सरल बनाने

के लिए व्यापक बदलाव लाए गए, जिसमें पेटेंट आवेदनों के निपटान के लिए समयबद्धियां व्यवस्थित करना, स्टार्टअप को आवेदक की नई श्रेणी के रूप में शामिल किया गया जिसे शुल्क में 80% की रियायत दी गयी, स्टार्टअप व भारतीय पेटेंट कार्यालय को अपने पीसीटी आवेदन के लिए आईएसए/आईपीईए के रूप में चुनने वाले आवेदकों द्वारा दायर पेटेंट आवेदनों की त्वरित जांच, पेटेंट अभिकर्ताओं द्वारा अनिवार्य ऑनलाइन फाइलिंग, वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग/ऑडियो विजुअल संचार उपकरणों के माध्यम से सुनवाई, आवेदन वापस लेने व परीक्षण हेतु अनुरोध दाखिल करने के शुल्क का प्रतिदाय शामिल है। प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए, अब प्रत्येक पक्ष द्वारा सुनवाई का स्थगन अधिकतम दो बार तक सीमित कर दिया गया है।

व्यापार चिह्न नियम 1999 में संशोधन, जो मार्च 2017 में अधिसूचित हुए, उनमे व्यापार चिह्न के पंजीकरण को सरल और उपयोगकर्ता–अनुकूल बनाने के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाने और अनावश्यक प्रावधानों को हटाने के लिए नए प्रावधान शामिल किए गए। व्यापार चिह्न संशोधन नियम 2017 में लाए गए प्रमुख बदलावों में, फॉर्म की संख्या 74 से घटाकर 8 की गयी, सभी प्रकार के व्यापार चिह्न आवेदनों हेतु एक आवेदन पत्र, स्टार्टअप, व्यक्तियों व लघु उद्यमों के लिए शुल्क मे रियायत, सुनवाई के लिए वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग की अनुमति, ई–मेल सेवा का सेवा के रूप में शामिल करना व पूर्ण व्यापार चिह्न अभियोजन प्रक्रिया का त्वरित संसाधन शामिल है।

बौद्धिक सम्पदा प्रक्रियाओं में सुधार व बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के प्रशासन में सुधारों को लागू किया गया है, जिसमे उसी समूह में परीक्षण के समय असमानता को दूर करने के लिए सभी पेटेंट कार्यालयों में परीक्षण के लिए पेटेंट आवेदनों का स्वतः आवंटन, विशिष्ट मॉड्यूल के माध्यम से पेटेंट और व्यापार चिह्न आवेदनों का पूर्ण संसाधन, पेटेंट व व्यापार चिह्न आवेदनों की चरण–वार वास्तविक समय पर सूचना के लिए गतिशील उपयोगिताएं, बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों द्वारा हितधारकों के लिए ई–मेल संचार, पेटेंट अनुदान के प्रमाण पत्रों व व्यापार चिह्न के पंजीकरण का ऑनलाइन जनन व ई–मेल के माध्यम से उसे आवेदक या उसके अभिकर्ता को भेजना, बेहतर सामग्री के लिए बौद्धिक सम्पदा कार्यालय की वेबसाइट का नया स्वरूप, वास्तविक समय पर बौद्धिक सम्पदा जानकारी व पहुंच की आसानी और इसे अधिक अन्योन्यक्रियात्मक, सूचनात्मक तथा उसके संचालन मे आसानी शामिल है।

वर्ष के दौरान कार्यान्वित प्रक्रियागत सुधारों के परिणामस्वरूप, कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न ने बौद्धिक सम्पदा सेवाओं को प्रदान करने व आईटी–सक्षम कामकाज के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। 2016–17 के दौरान, 2015–16 की तुलना मे परीक्षित पेटेंट आवेदनों की संख्या मे 72.2% की वृद्धि, अनुदानित पेटेंटों की संख्या मे 55.3% की वृद्धि व आवेदनों के निपटान मे 37.7% की वृद्धि हुई है। जनवरी 2017 मे व्यापार चिह्न आवेदनों

की लंबितता को 14 महीने से घटा कर 1 महीने से कम तक कर दिया गया है। परीक्षण की प्रक्रिया मे लाये गए सुधारों के परिणामस्वरूप प्रकाशन हेतु व्यापार चिह्न आवेदनों की स्वीकृति 10% से कम बढ़कर लगभग 40% तक बढ़ गई है। डिजाइन मे, नए आवेदनों के परीक्षण की लंबितता मार्च 2016 मे 8 माह से घटकर मार्च 2017 मे एक माह तक हो गयी है। वर्ष के दौरान, ऑनलाइन फाइलिंग पेटेंट मे बढ़कर 90% व व्यापार चिह्न मे बढ़कर 80% हो गयी है।

कार्यालय ने हितधारकों की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए प्रयास किए है। वर्ष के दौरान, विभिन्न बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों आईपीओ स्थानों पर नियमित स्टेकहोल्डर्स बैठकों का आयोजन किया गया ताकि प्रक्रियात्मक और तकनीकी मुद्दों पर प्रतिक्रिया/सुझाव प्राप्त हो सके और उनका तुरंत समाधान किया जा सके। इसके अलावा, कार्यालय के कामकाज से संबंधित मुद्दों के संबंध में राय/सुझाव/शिकायतों दर्ज करने के लिए हितधारकों को सक्षम बनाने के लिए आईपीओ वेबसाइट में एक अलग गेटवे के रूप में प्रतिक्रिया तंत्र की स्थापना की गई है। तथा, आईपीओ हेल्प–डेस्क को हितधारकों की ई–फाइलिंग मे कठिनाइयों का समाधान करने के लिए सक्रिय किया गया है।

वर्ष 2016–17 के दौरान किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के आगे के अध्यायों में दिया गया है। अद्यतन बौद्धिक सम्पदा विधान, विभिन्न समारोहों के मुख्यांश व अन्य उपयोगी सूचना हमारी शासकीय वेबसाइट (http://www-ipindia-nic-in) पर उपलब्ध है।

कार्यालय के कार्य और सेवा प्रदान में सुधार लाने और लोक शिकायतों को अधिक तेजी से और प्रभावी ढंग से सुलझाने के उद्देश्य से निकट भविष्य में कार्यान्वित किए जाने वाले आशयित भवि य मे उठाए जाने वाले कदमों में शामिल हैं, (i) हितधारकों को परीक्षण रिपोर्ट व उनके द्वारा किए जाने वाले समयबद्ध कार्यों के बारे में एसएमएस अलर्ट सेवा शुरू करना, (ii) आईपीओ वेबसाइट पर पेटेंट कार्यालय ई–जर्नल में जारी की गयी प्रथम परीक्षण रिपोर्ट (एफईआर) की आवधिक सूची प्रकाशित करना जिससे सभी हितधारक ऑनलाइन एफईआर जारी करने की स्थिति जान सकें, (iii) ऑनलाइन फाइलिंग को आसान व अधिक उपयोगकर्ता–अनुकूल बनाने के लिए डिजिटल हस्ताक्षर के वर्तमान मोड के अलावा हस्ताक्षर के ई–सत्यापन हेतु सुविधा को शुरू करना, (iv) आवेदक के कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियंत्रक के साथ सुनवाई के लिए अद्यतन सुविधा शुरू करना व (v) हितधारकों को बौद्धिक सम्पदा–सूचना और सेवा प्रदान करने के लिए मोबाइल एप सेवा का विकास करना।

(ओम प्रकाश गुप्ता, भा.प्र.से.)

महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न

2016–17 के दौरान उल्लेखनीय उपलब्धियां

जनशक्ति की वृद्धि
पेटेंट परीक्षक – 458
व्यापार चिह्न परीक्षक – 100

पेटेंट

परीक्षण मे 72.2% की वृद्धि

पेटेंट अनुदान मे 55.3% की वृद्धि

आवेदनों के कुल निपटान मे 37.7% की वृद्धि

व्यापार चिह्न

व्यापार चिह्न आवेदनों की लंबितता को 14 महीने से घटा कर 1 महीने से कम तक कर दिया गया

प्रकाशन हेतु व्यापार चिह्न आवेदनों की स्वीकृति 10% से कम बढ़कर लगभग 40% तक बढ़ गई

डिजाइन

परीक्षण की लंबितता 8 माह से घटकर एक माह तक हो गयी है।

ऑनलाइन फाइलिंग

पेटेंट मे बढ़कर 90% व व्यापार चिह्न मे बढ़कर 80% हो गयी है

व्यापार करने में आसानी के लिए योगदान करने वाले विधायी संशोधन

पेटेंट (संशोधन) नियम, 2016

- कुछ मामलों में शुल्क की वापसी की अनुमति
- किसी भी शुल्क के बिना आवेदन की वापसी की अनुमति
- आवेदनों का अंतर्शाखा इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण
- कुछ निश्चित कारणों पर त्वरित परीक्षण की अनुमति
- 3 मास के भीतर मुख्तारनामा दाखिल किया जाए

व्यापार चिह्न (संशोधन) नियम, 2016

- प्रसिद्ध ज्ञात चिह्न के निर्धारण के लिए पहली बार प्रक्रिया तैयार की गई है
- 74 मौजूदा फॉर्म समेकित 8 फॉर्म द्वारा प्रतिस्थापित
- द्रुत गति से ध्वनि चिह्न के लिए आवेदन पत्र दाखिल करने का प्रावधान
- शुल्क में 10% छूट के माध्यम से ई-फाइलिंग को प्रोत्साहित किया गया
- पंजीकरण के चरण तक व्यापार चिह्न आवेदन का त्वरित प्रसंस्करण

2. बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्ति–एक झलक

परिचय

कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न (सीजीपीडीटीएम) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों में विगत वर्षों के दौरान उतरोत्तर विकास देखा गया है। हालांकि, इस वर्ष 2015–16 की तुलना मे पेटेंट, डिजाइन व व्यापार चिह्न के लिए दाखिल कुल आवेदनों की संख्या मे आंशिक कमी देखी गयी जबकि भौगोलिक उपदर्शन व कॉपीराइट के आवेदनों ने वृद्धि की प्रवृत्ति दर्शाई है। पिछले वर्ष (3,56,713) की तुलना मे दाखिल कुल आवेदनों (3,55,393) मे 0.37% की मामूली कमी देखी गयी है।

बौद्धिक सम्पदा आवेदन दाखिल करने के संदर्भ में विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत है।

आवेदन	2012–13	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17
पेटेंट	43,674	42,951	42,763	46,904	45,444
डिजाइन	8,337	8,533	9,327	11,108	10,213
व्यापार चिह्न	1,94,216	2,00,005	2,10,501	2,83,060	2,78,170
भौगोलिक उपदर्शन	24	75	47	14	32
कॉपीराइट	कॉपीराइट का प्रशासन 2016–17 मे औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग / कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न मे स्थानांतरित किया गया।			14,812	16,617
अर्धचालक एकीकृत परिपथ अभिन्यास डिजाइन (एससीआईएलडी)	अर्धचालक एकीकृत परिपथ अभिन्यास डिजाइन का प्रशासन 2016–17 मे औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग / कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न मे स्थानांतरित किया गया।				
कुल	**2,46,251**	**2,51,564**	**2,62,638**	**3,55,898**	**3,50,467**

बौद्धिक सम्पदा गतिविधियों के संबंध मे प्रवृत्ति :

क. **पेटेंटः** वित्त वर्ष के दौरान **45444** पेटेंट आवेदन दाखिल किए गए जो विगत वर्ष दाखिल आवेदनों की तुलना में लगभग 3.2% की आंशिक कमी दर्शाते हैं। दाखिल, परीक्षित, अनुदानित

तथा निपटान किए गए पेटेंट आवेदनों के संदर्भ में विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है। आवेदनों के निपटान में पेटेंट कार्यालय द्वारा अनुदानित/अस्वीकृत व आवेदकों द्वारा आहरित व परित्यक्त आवेदन शामिल हैं।

पेटेंट आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2012–13	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17
दाखिल	43,674	42,951	42,763	46,904	45,444
परीक्षित	12,268	18,615	22,631	16,851	28,967
अनुदानित	4,126	4,227	5,978	6,326	98,47
निपटान	9,027	11,411	14,316	21,987	30,271

2015–16 की तुलना मे 2016–17 के दौरान, परीक्षित पेटेंट आवेदनों की संख्या मे 72.2% की वृद्धि हुई, अनुदानित पेटेंट की संख्या मे 55.3% की वृद्धि हुई व निपटान किए गए आवेदनों मे 37.7% की वृद्धि हुई। पेटेंट आवेदनों की घरेलू फाइलिंग पिछले वर्ष के 28% की तुलना मे 2016–17 में 29.2% रही, जो 2015–16 की तुलना मे 1.2% की वृद्धि दर्शाता है।

ख. **डिजाइनः** 2016–17 मे, 10,213 डिजाइन आवेदन दाखिल किए गए। 2015–16 की तुलना मे 2016–17 में परीक्षित आवेदनों की संख्या मे 25.7% व पंजीकृत डिजाइन की संख्या मे 3.1% की वृद्धि हुई।

डिजाइन आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2012–13	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17
दाखिल	8,337	8,533	9,327	**11,108**	10,213
परीक्षित	6,776	7,281	7,459	**9,426**	11,940
पंजीकृत	7,252	7,178	7,147	**7,904**	8,276
आवेदनों का निपटान	7,300	7,226	7,218	**8,023**	8,332

ग. **व्यापार चिह्नः** इस वर्ष, व्यापार चिह्न रजिस्ट्री के सभी पाँच स्थानों पर व्यापार चिह्न के पंजीकरण हेतु 278170 आवेदन दाखिल किए गए। **परीक्षित आवेदनों की संख्या मे**

98.7% की वृद्धि हुई जबकि पंजीकृत व्यापार चिह्न की संख्या मे 284.5% की अद्भुत वृद्धि देखी गई। 2015–16 की तुलना मे, आवेदनों का निपटान जिसमे पंजीकृत, अस्वीकृत, आहरित व परित्यक्त आवेदन शामिल हैं, उसमे 150% की वृद्धि हुई।

विगत पाँच वर्षों मे व्यापार चिह्न आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2012–13	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17
दाखिल	1,94,216	2,00,005	2,10,501	2,83,060	2,78,170
परीक्षित	2,02,385	2,03,086	1,68,026	2,67,861	5,32,230
पंजीकृत	44,361	67,876	41,583	65,045	2,50,070
निपटान	69,736	1,04,756	83,652	1,16,167	2,90,444

घ. **भौगोलिक उपदर्शनः** प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, 32 आवेदन दाखिल किए गए व 28 का परीक्षण किया गया। कुल 34 भौगोलिक उपदर्शन पंजीकृत किए गए। विगत पाँच वर्षों के दौरान दाखिल, परीक्षित एवं पंजीकृत भौगोलिक उपदर्शन आवेदनों की प्रवृत्ति निम्नवत हैं।

भौगोलिक उपदर्शन आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2012–13	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17
दाखिल	24	75	47	17	32
परीक्षित	30	42	60	200	28
पंजीकृत	21	22	20	26	34

ङ. **कॉपीराइटः** 2016–17 के दौरान **16617** आवेदन प्राप्त किए गए। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, परीक्षित आवेदनों की कुल संख्या **16584** थी जबकि **3596** कॉपीराइट के पंजीकरण (आरओसी) उत्पन्न किए गए व **12988** विसंगत पत्र जारी किए गए।

2016–17 मे कॉपीराइट आवेदन

कुल प्राप्त आवेदन	कुल परीक्षित आवेदन	उत्पन्न किए गए कॉपीराइट के पंजीकरण (आरओसी)	नए विसंगत पत्र जारी
16617	16584	3596	12988

च. अनुदानित/पंजीकृत बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्तिः

विगत 5 वर्षों के दौरान बौद्धिक सम्पदा अधिकार के अनुदान/पंजीकरण की तुलनात्मक प्रवृत्ति निम्नवत है। कोष्ठक में प्रदत्त संख्या कुल निपटान प्रदर्शित करती है।

बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्ति – अनुदानित/पंजीकृत (और निपटान किए गए)

वर्ष	2012–13	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17
पेटेंट	4,126 (9,027)	4,227 (11,411)	5,978 (14,316)	6,326 (20,429)	9847 (30271)
डिजाइन	7,252 (7,300)	7,178 (7,226)	7,147 (7,218)	7,904 (8,023)	8276 (8332)
व्यापार चिह्न	44,361 (69,736)	67,876 (1,04,756)	41,583 (83,652)	65,045 (1,16,167)	2,50,070 (2,90,444)
भौगोलिक उपदर्शन	21	22	20	26	34
अर्धचालक एकीकृत परिपथ अभिन्यास डिजाइन (एससीआईएलडी)	अर्धचालक एकीकृत परिपथ अभिन्यास डिजाइन का प्रशासन 2016–17 मे औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग/ कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न मे स्थानांतरित किया गया।				**शून्य**
कॉपीराइट	कॉपीराइट का प्रशासन 2016–17 मे औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग/ कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न मे स्थानांतरित किया गया।				3596

छ. प्रकाशन एवं अनुदान-पूर्व विरोधः प्रतिवेदन वर्ष के दौरान पेटेंट अधिनियम, 1970 की धारा 11क के तहत 86,766 पेटेंट आवेदन प्रकाशित किए गए तथा धारा 25(1) के तहत सिर्फ 206 अनुदान–पूर्व विरोध दाखिल हुए जो प्रकाशित आवेदनों का लगभग 0.23% है। प्रकाशित तथा अनुदान–पूर्व विरोध के लिए दाखिल आवेदनों का ब्यौरा निम्नवत है।

वर्ष	प्रकाशन	अनुदान पूर्व विरोध
2011–12	27753	193
2012–13	26159	279
2013–14	31413	309
2014–15	26934	247
2015–16	41752	290
2016–17	**86,766**	**206**



ज. **राजस्व और व्ययः** वर्ष **2016–17** के दौरान अर्जित कुल राजस्व **रू. 608.31 करोड़** था जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग **4%** अधिक है, जबकि कुल व्यय रु. 129.8 करोड़ था। पेटेंट व डिजाइन कार्यालय द्वारा अर्जित कुल राजस्व **रू. 415.54 करोड़** (पेटेंट **रू. 410.03 करोड़** एवं डिजाइन **रू. 5.51 करोड़**) था, जबकि व्यापार चिह्न रजिस्ट्री ने **रू. 192.3 करोड़** का राजस्व अर्जित किया, भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री ने **रू. 0.12 करोड़** तथा पेटेंट सूचना पद्धति और राजीव गाँधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान ने **रू. 0.276 करोड़** का राजस्व अर्जित किया। विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2016–17 के दौरान बौद्धिक सम्पदा प्रशासन से संबंधित राजस्व और व्यय का विवरण निम्न सारणी में प्रदर्शित है।

(i) **वर्ष 2015–16 और 2016–17 के दौरान उत्पादित राजस्व का तुलनात्मक विवरण**

वर्ष	2015–16 (लाख में रू.)	2016–17 (लाख में रू.)
पेटेंट	39840.40	41003.18
डिजाइन	557.72	551.44
व्यापार चिह्न	18316.01	19236.89
भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री	3.32	12.40
पीआईएस/ आरजीएनआईआईपीएम	27.42	27.60
कुल	**58744.89**	**60831.51**

(ii) आईपीओ मे वर्ष 2015–16 और 2016–17 के लिए व्यय की तुलना

वर्ष	2015–16 (लाख मे रू.)			2016–17 (लाख मे रू.)		
	यो.	गै. यो.	कुल	यो.	गै. यो.	कुल
सीजीपीडीटीएम	3861.55	3537.82	7399.37	7533.90	4967.05	12500.95
पीआईएस/ आरजीएनआईआईपीएम	58.05	185.48	243.53	99.85	251.59	351.44
जीआई रजिस्ट्री	–	54.14	54.14	–	56.60	56.60
कुल	**3919.60**	**3777.44**	**7697.04**	**7633.75**	**5275.24**	**12908.99**

3. जन सेवा प्रदान – दक्षता और पारदर्शिता

कुशल व पारदर्शी बौद्धिक सम्पदा प्रशासन बौद्धिक सम्पदा अधिकार के आवेदकों व आम जनता मे विश्वास स्थापित करता है। बौद्धिक सम्पदा आवेदनों पर समय पर कार्यवाही व सेवाओं का संतोषजनक प्रदान बौद्धिक सम्पदा ढांचे के स्तम्भ हैं।

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न का यह सतत प्रयास रहा है कि वह अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों को निभाते हुए व बौद्धिक सम्पदा अधिकार के क्षेत्र मे वैश्विक विकास के साथ कदम से कदम मिलाते हुए देश मे बौद्धिक सम्पदा प्रणाली को मजबूत बनाए। देश में लगातार कुशल और पारदर्शी बौद्धिक सम्पदा प्रणाली स्थापित करने व सार्वजनिक सेवाओं को कुशलता से प्रदान करने व उत्पादकता तथा कार्य निष्पादन को बढ़ावा देने को सुनिश्चित करने के लिए कार्यालय निरंतर प्रयास कर रहा है।

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, पूर्व से विद्यमान सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम परिवेश, कम्यूटर आधारित कार्य पद्धति व आंतरिक सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली का और अद्यतीकरण करने के लिए कई नई शुरुआत की गयी हैं। ऑनलाइन सेवाओं के अद्यतीकरण व बौद्धिक सम्पदा जानकारी के प्रसार मे सुधार ने डिजिटल प्रणाली के समग्र सुदृढ़ीकरण में काफी योगदान दिया है।

कार्यालय ने अपने अंतर्राष्ट्रीय विभाग के बेहतर और सुचारु कार्य के लिए आवश्यक पहल की। पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय खोज प्राधिकरण (आईएसए) व अंतर्राष्ट्रीय प्रारम्भिक परीक्षण प्राधिकरण (आईपीईए) के तहत दाखिल अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट आवेदनों के संबंध मे समय के सख्त अनुपालन में गुणवत्ता अंतर्राष्ट्रीय खोज व प्रारम्भिक परीक्षण रिपोर्ट (आईएसआर व आईपीईआर) प्रदान करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

वायपो द्वारा प्रशासित व्यापार चिह्न के पंजीकरण की अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली, मेड्रिड प्रोटोकॉल के तहत व्यापार चिह्न रजिस्ट्री, मुंबई का उद्गम कार्यालय के रूप मे कार्य करने को और सुव्यवस्थित किया गया ताकि उद्गम देश के अनुसार विभिन्न देशों मे एक ही आवेदन दाखिल कर व्यापार चिह्न को वैधानिक संरक्षा प्रदान की जा सके।

जन सेवा प्रदान को व्यवस्थित बनाने, बौद्धिक संपदा कार्यालयों का कार्यप्रणाली में दक्षता व पारदर्शिता में सुधार लाने के लिए वर्ष के दौरान उठाए गए कदमों का सारांश निम्नलिखित पैराग्राफ में दिया गया है:

(क) पेटेंटः

i. विधायी सुधारः

पेटेंट प्रक्रियाओं को आसान बनाने व आईटी सक्षम करने के लिए पेटेंट नियम 2003 को 16 मई, 2016 से संशोधित किया गया।

पेटेंट (संशोधन) नियम, 2016 द्वारा पेटेंट कार्यालयों की कार्यप्रणाली मे निम्नलिखित सुधार लाए गए हैं:

- पेटेंट आवेदनों के निपटान के लिए समयरेखा तैयार करना,
- स्टार्टअप की एक नई श्रेणी का आवेदक के रूप में सर्जन व स्टार्टअप आवेदनों की सुविधा के लिए 80% शुल्क रियायत,
- स्टार्टअप द्वारा दाखिल पेटेंट आवेदनों व भारतीय पेटेंट कार्यालय को उनके पीसीटी आवेदनों हेतु आईएसए/आईपीईए के रूप मे चयन करने वाले आवेदकों के लिए त्वरित परीक्षण,
- प्रथम परीक्षण रिपोर्ट जारी होने से पहले आवेदन का आहरण करने की अनुमति, यदि आवेदक पेटेंट के लिए दाखिल अपने आवेदन के परीक्षण का इच्छुक नहीं है व परीक्षण हेतु अनुरोध के शुल्क की वापसी की अनुमति है।
- सभी पेटेंट कार्यालय स्थलों पर आवेदक द्वारा अनुरोध किए जाने पर वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग अथवा ऑडियो–विजुअल संचार उपकरणों के माध्यम से सुनवाई की अनुमति प्रदान की जाती है।
- विरोधी कार्यवाहियों मे सुनवाई का स्थगन प्रत्येक पक्ष द्वारा दो तक सीमित किया गया है, जिससे मामले का समय पर निपटान करने मे सहायता मिलेगी। यह भी प्रावधान किया गया है कि प्रत्येक स्थगन 30 दिन से अधिक नहीं होगा।
- पेटेंट आवेदनों के डिजिटलीकरण व प्रसंस्करण की गति बढ़ाने के लिए पेटेंट अभिकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन फाइलिंग अनिवार्य।
- पीसीटी आवेदक अब भारत मे राष्ट्रीय फेज मे प्रवेश करते समय कुछ दावे हटा सकता है।
- अनुक्रम लिस्टिंग के लिए शुल्क कम कर दिया गया है, जिसमें अधिकतम शुल्क 1,20,000 रुपये है।

ii. प्रक्रियात्मक सुधार:

- **पेटेंट आवेदनों के परीक्षण हेतु अनुरोधों का स्वतः आवंटन:** 1 जनवरी 2016 से शुरू की गई महत्वपूर्ण पहल, 'पेटेंट आवेदनों व परीक्षण हेतु अनुरोधों के लिए विशिष्ट संख्या प्रणाली' को जारी रखते हुए, कार्यालय ने **1 अप्रैल, 2016 से "परीक्षण हेतु अनुरोधों का स्वतः आवंटन"** की इलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल–आधारित प्रणाली प्रारम्भ की है। इस प्रणाली ने सभी पेटेंट कार्यालय स्थलों पर परीक्षण हेतु अनुरोधों की दाखिल करने की तिथि के संबंध मे समान परीक्षण हेतु परीक्षण हेतु अनुरोधों की एक समूह वार

कतार लाई है। इस प्रणाली ने विभिन्न स्थानों पर परीक्षण के अलग–अलग समय की विसंगति को हटा दिया है। इसके अलावा, नयी संख्या प्रणाली के साथ इलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल के एकीकरण के बाद व आवेदनों के स्वतः आवंटन के उपरांत, परीक्षकों की विशिष्ट पेटेंट कार्यालय में भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता समाप्त हो गई है।

- **ई–संचारः** 1 अप्रैल, 2016 से प्रथम परीक्षण रिपोर्ट ई–मेल द्वारा जारी की जाती हैं। इस प्रकार, परीक्षण रिपोर्ट के लिए संचार के पेपर मोड को बंद कर दिया गया व हितधारकों के साथ ई–संचार लागू किया गया। सुनवाई नोटिस भी ई–मेल के माध्यम से भेजा जाता है। यह प्रक्रियाओं को तेज करने में मदद करता है।
- **पेटेंट अनुदान प्रमाणपत्रों का स्वचालनः** पेटेंट अनुदान प्रमाणपत्रों को उत्पन्न करने व जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह से स्वचालित है। प्रमाण पत्र उत्पन्न किए जाते हैं व पंजीकृत ईमेल पर आवेदक को प्रेषित किए जाते हैं तथा आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं। आवेदक द्वारा जैसे वांछित हो वैसे डाउनलोड व प्रिंट किया जा सकता है।
- **पेटेंट खोज प्रणालीः** खोज प्रणाली को और सुव्यवस्थित करने के लिए पूर्ण पाठ शोध क्षमता वाली पहले से विद्यमान पेटेंट के लिए लॉगइन मुक्त ऑनलाइन जन खोज सुविधा, "इंडियन पेटेंट एडवान्स्ड सर्च सिस्टम (इनपास)" का वर्ष के दौरान अद्यतिकरण किया गया है।
- 1 अप्रैल 2016 से अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो व अंतर्राष्ट्रीय खोज प्राधिकरण को पीसीटी आवेदनों के लिए फीस के संचरण में देरी से बचने के लिए **पीसीटी आवेदन शुल्क के लिए इलेक्ट्रॉनिक भुगतान गेटवे** को शुरू किया गया है।
- **बहु आयामी सेवाएँः** जनता के लाभ के लिए आईपीओ वेबसाइट पर बहुत सारी बहु आयामी सेवाएं उपलब्ध कराई गयी हैं जैसे; निर्दिष्ट अवधि के दौरान संबन्धित परीक्षण समूहों द्वारा पेटेंट आवेदनों के निपटान की स्थिति प्रदर्शित करना, पेटेंट कार्यालय के सभी स्थानों (अधिकार क्षेत्र व समूह–वार) द्वारा जारी प्रथम परीक्षण रिपोर्ट (एफईआर) का अवलोकन करना।
- **गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली** को यह सुनिश्चित करने के लिए रखा गया है कि आईपी–उपयोगकर्ता जनता को गुणवत्ता रिपोर्ट अग्रेषित की जाए।
- 2015–16 की तुलना मे 2016–17 के दौरान, परीक्षित पेटेंट आवेदनों की संख्या मे 72.2% की वृद्धि हुई, पेटेंट अनुदान की संख्या मे 55.3% की वृद्धि हुई व आवेदनों के निपटान मे 37.7% की वृद्धि हुई। पेटेंट आवेदनों की घरेलू फाइलिंग 29.2% रही जो 2015–16 की तुलना मे 1.3% अधिक है।

(ख) व्यापार चिह्नः

i. व्यापार चिह्न (संशोधन) नियम 2017 के प्रावधानों के कारण सुधार

व्यापार चिह्न प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने व सरल बनाने तथा हितधारकों को निम्नलिखित लाभ प्रदान करने के लिए व्यापार चिह्न (संशोधन) नियम, 2017 को 6 मार्च, 2017 से लागू किया गया है:

- प्ररूपों की संख्या 74 से घटाकर 8 कर दी गयी है,
- सभी प्रकार के व्यापार चिह्न आवेदनों के लिए एक आवेदन पत्र,
- स्टार्टअप, वैयक्तिक व लघु उद्यमों हेतु रियायत का प्रावधान,
- सुनवाई के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की अनुमति,
- ई–मेल को सेवा के मोड के रूप में शामिल करना,
- सुनवाई का स्थगन दो बार तक सीमित, इस प्रावधान के साथ कि प्रत्येक स्थगन तीस दिन से अधिक का नहीं होगा।
- आवेदन को ऑनलाइन दाखिल करने पर निर्धारित शुल्क में 10% की रियायत।
- फीस का भुगतान करने पर संपूर्ण व्यापार चिह्न अभियोजन प्रक्रिया के लिए शीघ्र कार्यवाही की अनुमति देना (वैयक्तिक/स्टार्टअप/लघु उद्यमों के लिए कम शुल्क)।
- हलफनामा और प्रमाण पत्र जमा करने मे विस्तार हेतु आवेदन दाखिल करने का प्रावधान हटा दिया गया है ताकि निपटान की गति बढ़ाई जा सके।

ii. प्रक्रियात्मक सुधारः

वर्ष के दौरान, प्रक्रियात्मक सुधार और व्यापार चिह्न प्रक्रिया में पुनर्रचना निम्नलिखित सुधार लाए हैं:

- पहले से विद्यमान, व्यापार चिह्न के लिए माल व सेवाओं के वर्गीकरण हेतु **ऑनलाइन खोज सुविधा** को और सुव्यवस्थित करने के लिए वर्ष के दौरान अद्यतन किया गया।
- परीक्षण हेतु **आवेदनों का आवंटन** उनकी वरिष्ठता के क्रम में स्वचालित रूप से किया जाता है। इस प्रकार, व्यापार चिह्न आवेदनों के परीक्षण हेतु आवेदनों के आवंटन मे कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं होता है।
- **पंजीकरण और नवीकरण प्रक्रिया का स्वचालन :**

व्यापार चिह्न पंजीकरण प्रक्रिया स्वचालित कर दी गई है क्योंकि पहले की मानवीय प्रक्रिया पंजीकरण प्रमाण पत्र के प्रेषण के संबंध में अवांछनीय लंबितता पैदा कर रही थी।

प्रकाशन के उपरांत निर्दिष्ट समय के पूरा होने पर, पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्वचालित रूप से प्रक्रियागत किया जाता है व आवेदक के नामित ईमेल–आईडी पर भेजा जाता है तथा इसे कार्यालय द्वारा बनाए गए इलेक्ट्रॉनिक रजिस्टर में भी अपलोड किया जाता है। इस परिवर्तन ने इस स्तर पर लंबितता को एक महीने से भी कम अवधि तक कम करने में मदद की है।

इसी प्रकार, **नवीकरण की प्रक्रिया** भी स्वचालित कर दी गई है, जहां नवीकरण अनुरोध (समय पर दाखिल), प्रक्रियागत किया जाता है व वैधता तिथि अद्यतन हो जाती है।

- प्रत्येक सोमवार को आधिकारिक वेबसाइट www.ipindia.nic.in पर **व्यापार चिह्न रजिस्ट्री जर्नल** मे दाखिल तथा पंजीकृत **व्यापार चिह्न आवेदनों के विवरण** के इलेक्ट्रोनिक रूप मे प्रकाशन को वर्ष के दौरान और सुव्यवस्थित किया गया।
- व्यापार चिह्न रजिस्ट्री द्वारा **आधिकारिक सूचना** आवेदक अथवा उसके प्राधिकृत अभिकर्ता के ईमेल आईडी पर इलेक्ट्रोनिक रूप मे भेजी जाती है।
- उपयोगकर्ताओं के लाभ के लिए वेबसाइट पर सुनवाई के नोटिस व स्थगन का विवरण प्रदान किया जाता है।

प्रक्रियात्मक सुधारों व व्यापार चिह्न प्रक्रिया में पुनर्रचना के परिणामस्वरूप, जनवरी 2017 में व्यापार चिह्न आवेदनों के परीक्षण में लंबितता लगभग 14 महीने से कम होकर 1 महीने से कम हो गई है। इसके अलावा, प्रकाशन हेतु व्यापार चिह्न आवेदनों की स्वीकृति 10% से भी कम से बढ़कर लगभग 40% हो गई है।

(ग) डिजाइन

- बेहतर कामकाज की सुविधा के लिए नए डिजाइन आवेदनों को दाखिल करने के लिए ई–फाइलिंग सुविधा को उन्नत किया गया है।
- नए आवेदनों के परीक्षण मे लंबितता को मार्च 2016 मे 8 माह से कम कर मार्च 2017 मे 1 माह तक कर दिया गया है। मौजूदा लंबितता को कम करने के लिए लंबित संशोधन वाले आवेदनों को प्रक्रियागत करने के लिए उपाय किए गए हैं।

डिजाइन मे, 2015–16 की तुलना मे 2016–17 के दौरान, परीक्षित आवेदनों की संख्या मे 25.7% की वृद्धि हुई व पंजीकृत डिजाइन की संख्या मे 3.1% की वृद्धि हुई है।

(घ) भौगोलिक उपदर्शन

- भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री (जीआईआर) ने 15 सितंबर, 2003 से भौगोलिक उपदर्शन आवेदन प्राप्त करना प्रारम्भ किया। 31 मार्च, 2017 तक रजिस्ट्री ने कुल 575 भौगोलिक उपदर्शन आवेदन प्राप्त किए जिसमे से 294 पंजीकृत किए गए।

- वर्ष के दौरान परीक्षण व पंजीकरण मे लंबितता कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। फलस्वरूप, प्रतिवेदन वर्ष के दौरान 28 भौगोलिक उपदर्शन आवेदनों का परीक्षण किया गया व 34 का पंजीकरण किया गया।
- रजिस्ट्री में प्राधिकृत उपयोक्ताओं के पंजीकरण में तेजी लाई गई व कुल 1466 प्राधिकृत उपयोक्ता पंजीकृत किए गए।

(ङ) कॉपीराइटः

इस वर्ष के दौरान, कॉपीराइट कार्यालय के प्रशासन को महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन लाया गया है।

मार्च 2017 में 13 माह की परीक्षण मे लंबितता को अगले वर्ष के दौरान 1 माह से कम तक करने के उद्देश्य से कॉपीराइट कार्यालय के कामकाज की कम्प्यूटरीकरण व आईटी–सक्षम प्रक्रियाओं तथा जनशक्ति के पुनर्गठन के माध्यम से पुनर्रचना की जा रही है।

1958–1992 की अवधि के दौरान उत्पन्न कॉपीराइट का रजिस्टर (आरओसी) को परिरक्षण व संग्रह के लिए, निक्षेपागार हेतु भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार में स्थानांतरित किया गया है।

पारदर्शिता व हितधारकों की प्रतिभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से, कॉपीराइट कार्यालय ने माह के दौरान प्राप्त आवेदनों को वेबसाइट पर दर्शाना प्रारम्भ किया है। आवेदक अपने आवेदन की स्थिति का ऑनलाइन पता कर सकते हैं।

(च) आईटी– सेवाओं का अद्यतिकरणः

वर्ष के दौरान, कम्प्यूटरीकरण व बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों की आईटी–सक्षमता की बढ़ती जरूरतों का सामना करने के लिए आईटी ढांचे व सेवाओं का सभी मामलों में अद्यतिकरण किया गया। ई–फाइलिंग संबंधी समस्याओं को हल करने के लिए, एक विशेष आईपीओ सहायता समूह को प्रारम्भ किया गया है।

(छ) व्यापक ई–फाइलिंग सुविधाएं

पेमेंट गेटवे के साथ पेटेंट, व्यापार चिह्न व डिजाइन की व्यापक **ई–फाइलिंग की सुविधा** 24×7 के आधार पर उपलब्ध है। व्यापार चिह्न (संशोधन) नियम 2017 के माध्यम से, **पेटेंट व डिजाइन के अनुरूप व्यापार चिह्न हेतु फीस में 10% छूट उपलब्ध कराई गई है**। आईटी टीम द्वारा ई–फाइलिंग प्रणाली को नियमित आधार पर अद्यतन किया जाता है। आईपीओ की कुशल ऑनलाइन फाइलिंग सेवाओं ने न केवल कार्यालय को प्रदर्शन में सुधार करने के लिए सक्षम किया है, बल्कि आईपी सेवाओं के लिए हितधारकों की अभूतपूर्व मांग का सामना करने के लिए भी सक्षम बनाया है।

(ज) बहु आयामी आईपीओ वेबसाइट और सूचना प्रसारः

आईपीओ वेबसाइट की विषयवस्तु को सुधारने और पहुंच में आसानी के लिए दोबारा बदल दिया गया है और इसे अधिक अन्योन्यक्रियात्मक (इंटरेक्टिव), सूचनात्मक और नेविगेट करने में आसान बना दिया गया है। पेटेंट, डिजाइन, व्यापार चिह्न व भौगोलिक उपदर्शन की फाइलिंग व कार्यवाही के संबंध में वास्तविक समय के आधार पर आईपी डाटा उपलब्ध कराया जाता है। हितधारकों को आईपी सूचना के परेशानी मुक्त प्रसार के लिए वेबसाइट लॉगिन–मुक्त खोज सुविधा प्रदान करती है।

(झ) हितधारक परामर्श बैठकें

- बौद्धिक सम्पदा कार्यालय की कार्यप्रणाली में कुशलता और विश्वास के मजबूत वातावरण को सुदृढ़ बनाने के लिए हितधारकों की प्रभावी भागीदारी और परामर्श आवश्यक है। तदनुसार, विभिन्न बौद्धिक सम्पदा कार्यालय स्थलों पर हितधारकों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की गईं ताकि आईपी विधानों मे संशोधन, प्रक्रियाओं को आईटी–सक्षम बनाने, मॉड्यूल–आधार पर कार्य प्रवाह, प्रणालीगत उन्नयन, हितधारकों और जनता के साथ संचार व जनता की शिकायतों से संबंधित प्रक्रियात्मक और तकनीकी मुद्दों को समझा और हल किया जा सके।
- सचिव, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग के साथ हितधारकों की बैठकें दिल्ली व मुंबई मे आयोजित की गयी। बैठक के दौरान, बहुत सारे सुझाव दिये गए व कार्रवाई रिपोर्ट कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी।

(ञ) प्रतिपुष्टि व्यवस्थाः

1 मार्च, 2017 से बौद्धिक सम्पदा कार्यालय की वेबसाइट www.ipindia.nic.in पर प्रतिपुष्टि व्यवस्था स्थापित की गयी है, जिससे हितधारकों को कार्यालय की कार्यप्रणाली से संबन्धित मुद्दों के संबंध में प्रतिक्रिया और सुझाव दर्ज करने, शिकायत व सामान्य प्रश्न में मदद मिलती है। बौद्धिक सम्पदा कार्यालय तुरंत हितधारक के सुझाव/शिकायतों पर कार्य करता है और ई–मेल के माध्यम से संबन्धित व्यक्ति को जवाब सूचित करता है।

(ट) बौद्धिक सम्पदा अधिकार मे जागरूकताः

कार्यालय नियमित रूप से आईपी प्रक्रियाओं के संबंध में वास्तविक और संभावित आईपी हितधारकों के लिए सूचना और ज्ञान के प्रसार में व्यस्त है। आईपीआर हेल्प–डेस्क व ई–मेल के माध्यम से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रणाली प्रत्येक बौद्धिक सम्पदा कार्यालय स्थल पर उपलब्ध है। कार्यालय देश में सीआईआई, फिक्की, असोचम जैसे औद्योगिक संगठनों के

साथ आईपीआर पर जागरूकता और सार्वजनिक बहिर्क्रियाकलाप गतिविधियों को आयोजित करता है/में भाग लेता है। आईपीओ अधिकारी नियमित रूप से इन कार्यक्रमों में संसाधन व्यक्तियों के रूप में भाग लेते हैं और विश्वविद्यालयों और अन्य हितधारकों के साथ आयोजित कार्यशालाओं/सेमिनारों में भी भाग लेते हैं।

(ठ) स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के लिए पहल

16 जनवरी, 2016 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम शुरू किया गया था। पेटेंट में 80% और व्यापार चिह्न में 50% शुल्क रियायत पेटेंट और व्यापार चिह्न संशोधन नियम क्रमशः के माध्यम से प्रदान की गयी है।

भारत सरकार के स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के अनुपूरण में इस कार्य के लिए नामित नोडल एजेंसी, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग ने "स्टार्ट अप बौधिक सम्पदा संरक्षा (एसआईपीपी) सुविधा हेतु योजना" की शुरुआत बौद्धिक सम्पदा अधिकार संरक्षा प्रोत्साहित करने के लिए की। यह योजना, जो शुरू में 31–03–2017 तक लागू थी, को अगले 3 वर्षों के लिए विस्तारित कर दिया गया है। इस योजना में स्टार्टअप को उनके पेटेंट, डिजाइन व व्यापार चिह्न आवेदन को दाखिल करने/आगे की प्रक्रिया हेतु सुविधा प्रदाता प्रदान करना व सुविधा प्रदाता के व्यावसायिक शुल्क की प्रतिपूर्ति शामिल है। पेटेंट, डिजाइन व व्यापार चिह्न के सुविधा प्रदाताओं की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है तथा कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न ने एसआईपीपी योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। स्टार्ट अप के प्रश्नों का हल करने के लिए इ–मेल व हेल्प डेस्क के माध्यम से आवश्यक सहायता प्रदान की जाती है।

(ड) सूचना का अधिकारः

सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति बौद्धिक सम्पदा कार्यालय पूर्णतया प्रतिबद्ध है। बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के क्रियाकलापों में सम्पूर्ण पारदर्शिता प्राप्त करने के उद्देश्य से कार्यालय की विभिन्न गतिविधियों से सम्बंधित जानकारी आम जनता के सूचनार्थ आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी गयी है। साथ ही, सूचना अधिकार अधिनियम के विधायी अभिप्राय तथा अधिदेश का पूर्ण अनुसरण करते हुए अधिनियम के तहत प्राप्त सभी आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की गयी।

4. पेटेंट

वर्ष की मुख्य विशेषताएँ

- **परीक्षण में 72.2% की वृद्धि**
- **पेटेंट अनुदान में 55.3% की वृद्धि**
- **आवेदनों के कुल निपटान में 37.7% की वृद्धि**
- **त्वरित परीक्षण मार्ग के उपयोग की वजह से 113 दिन के रिकॉर्ड समय के भीतर पेटेंट अनुदान किया गया**

1. परिचय:

यह अध्याय पेटेंट अधिनियम, 1970 (यथा संशोधित) की धारा 155 के तहत पेटेंट कार्यालयों द्वारा वर्ष 2016–17 के दौरान निष्पादित गतिविधियों के संबंध में 45वाँ प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। पेटेंट कार्यालय भौगोलिक रूप से विभाजित है तथा चार महानगरों कोलकाता, चेन्नई, मुम्बई तथा दिल्ली में स्थित है जिनका पेटेंट प्रशासन के लिए देश मे विशिष्ट क्षेत्राधिकार है। पेटेंट कार्यालय, कोलकाता प्रधान कार्यालय है। हालांकि, सभी चार पेटेंट कार्यालय आभासी एकल कार्यालय के रूप मे कार्य करते हैं, जिसमें देश भर मे एक पेटेंट अनुदानित किया जाता है जो देश भर मे लागू होता है। पेटेंट कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न (सीजीपीडीटीएम) के अधीक्षण व प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन आवेदकों को सीमित अवधि के लिए एकाधिकार अनुदानित करने के द्वारा देश मे हुए आविष्कारों के संरक्षण से संबन्धित पेटेंट अधिनियम 1970 (यथा संशोधित) के प्रावधानों को लागू करता है। निम्न प्रदत्त पैराग्राफ पेटेंट विधान के तहत यथाप्रशासित पेटेंट कार्यालय की प्रमुख गतिविधियों की रूप–रेखा प्रस्तुत करते हैं।

पेटेंट आवेदन:

2016–17 में पेटेंट अनुदान के लिए दाखिल आवेदनों की संख्या **45,444** थी जो **2015–16** की सम्पूर्ण फाइलिंग की संख्या **46,904** मे लगभग 3% की कमी दर्शाती है। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, आविष्कार के लगभग सभी क्षेत्रों में मध्यम से उच्च विकास देखा गया है सिवाय रसायन, भेषज, खाद्य, बायो–टेक्नोलॉजी, बायो–केमिस्ट्री, माइक्रो–बायोलॉजी, एग्रो–केमिकल, वस्त्र, पॉलीमर व धातुकर्म क्षेत्रों के जिनमें विगत वर्ष की तुलना में आंशिक कमी देखी गई है। विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित आवेदनों की प्रवृत्ति के विस्तृत आँकड़े परिशिष्ट–ङ और ङ1 में दिखाए गए हैं।

प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में दाखिल व अनुदानित पेटेंट आवेदनों की प्रवृत्ति – 2016-17



(क) भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन

कुल **45,444** आवेदनों में से भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या **13,219** रही जो कुल दाखिल आवेदनों का 29.2% है व जो विगत वर्ष से लगभग 1.2% की वृद्धि दर्शाती है, जब ऐसे आवेदनों की संख्या **13,066** थी। यह गत वर्षों के घरेलू फाइलिंग मे सतत वृद्धि के क्रम मे है। 2015–16 के दौरान दाखिल आवेदनों की संख्या (**33,838**) की तुलना में वर्ष के दौरान विदेशी आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या (**32,225**) में **4.8%** की कमी दर्शाती है।

वर्ष के दौरान भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल सामान्य आवेदनों की कुल संख्या में, वर्ष 2015–16 के दौरान दाखिल आवेदनों की संख्या में 4% की कमी के बावजूद भी महाराष्ट्र प्रथम स्थान पर बना रहा। जबकि तमिलनाडु ने अपने द्वारा दाखिल आवेदनों में 5% की वृद्धि द्वारा तीसरे से दूसरे स्थान पर पहुँचकर अपना प्रभावी स्थान बनाए रखा। तेलंगाना, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, झारखण्ड, उड़ीसा, आसाम, आंध्र प्रदेश व पश्चिम बंगाल ने दाखिल आवेदनों की संख्या में विगत वर्ष की तुलना में मध्यम से उच्च वृद्धि दर्शायी है।

आवेदन दाखिल करने वाले शीर्ष राज्य/केंद्र शासित प्रदेश हैं (आवेदनों की संख्या कोष्ठक मे दी गयी है) महाराष्ट्र (**3,513**), कर्नाटक (**1,765**), तमिलनाडु (**2,003**), दिल्ली (**1,066**), तेलंगाना (**798**), उत्तर प्रदेश (**625**), गुजरात (**620**), पश्चिम बंगाल (**460**), हरियाणा (**441**), केरल (**276**), आंध्र प्रदेश (**271**), पंजाब (**207**), मध्य प्रदेश (**140**), राजस्थान (**181**), झारखण्ड (**144**), उड़ीसा (**103**), असम (**68**), उत्तराखंड (**64**), चंडीगढ़ (**35**), बिहार (**26**) और छत्तीसगढ (**22**)। राज्य/संघ शासित क्षेत्र के अनुसार विवरण परिशिष्ट **ख** में प्रदर्शित किया गया है।

भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल पेटेंट आवेदनों की तुलना (राज्यानुसार)



(क) पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 भारतीय आवेदक

क्रम सं.	आवेदक का नाम	दाखिल आवेदन
1	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	400
2	विप्रो लिमिटेड	226
3	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद	225
4	महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड	205
5	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	174

(ख) सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 भारतीय आवेदक

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे विप्रो लिमिटेड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज लिमिटेड द्वितीय स्थान पर रहा।

क्रम सं.	आवेदक का नाम	दाखिल आवेदन
1	विप्रो लिमिटेड	190
2	टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज लिमिटेड	159
3	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	43
4	एचसीएल टेक्नोलॉजिस लि.	35
5	हुआवी टेक्नोलॉजिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	29

(ग) वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष भारतीय आवेदक

क्र.सं.	वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थान का नाम	दाखिल आवेदन
1	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद	230
2	महानिदेशक, प्रतिरक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन	58
3	जी.एच.आर. लैब्स एंड रिसर्च सेंटर	50
4	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)	41
5	हेटेरो रिसर्च फाउंडेशन	23
6	एलिनोव रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड	20
7	एमएसएन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर	19
8	एल एंड टी टेक्नोलोजी सर्विसेज लिमिटेड	18

9	सन फार्मा एड्वान्स्ड रिसर्च कंपनी लिमिटेड	14
10	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान	13
10	जीएसपी क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड	13

इस श्रेणी मे, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद शीर्ष स्थान पर रहा जबकि प्रतिरक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन व जी.एच.आर. लैब्स एंड रिसर्च सेंटर क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे।

(घ) संस्थानों और विश्वविद्यालयों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	संस्थानों और विश्वविद्यालयों के नाम	दाखिल आवेदन
1	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	400
2	अमिटी यूनिवर्सिटी	106
3	भारतीय विज्ञान संस्थान	54
4	वेलटेक हाई/मल्टी टेक डॉ. आरआर एंड डॉ. एसआर (महाविद्यालय व विश्वविद्यालय)	50
5	जी.एच.रायसोनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग	49
6	भरथ यूनिवर्सिटी	45
7	चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कोलेजिस	30
8	चितकार यूनिवर्सिटी	29
9	हिंदुस्तान इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी एंड साइंस	28
10	राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	26

इस वर्ष, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित) शीर्ष स्थान पर रहे जबकि अमिटी यूनिवर्सिटी व भारतीय विज्ञान संस्थान क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे।

वैज्ञानिक, अनुसंधान व विकास संगठनों से शीर्ष 5 भारतीय आवेदक



संस्थानों व विश्वविद्यालयों से शीर्ष 5 भारतीय आवेदक



(ङ) विदेशी आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन

(i) कन्वेंशन आवेदन:

वर्ष के दौरान पेरिस कन्वेंशन के तहत प्रायिकता दावा करते हुए दाखिल आवेदनों की कुल संख्या **3,649** थी। यह विगत वर्ष दाखिल कन्वेंशन आवेदनों की तुलना में **1%** की कमी दर्शाता है।

(ii) पी.सी.टी. राष्ट्रीय फेज आवेदन:

विदेश से प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) राष्ट्रीय फेज माध्यम से दाखिल किए गए। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान दाखिल ऐसे आवेदनों की संख्या **26,645** रही जो विगत वर्ष की संख्या **28,248** की तुलना में 6% की कमी दर्शाता है। आवेदन दाखिल करने वाले शीर्ष देश थे: संयुक्त राज्य अमेरिका (8,981), जापान (3,399), चीन गणतंत्र (2,256), जर्मनी (2,186), नीदरलैंड (1,295), स्विट्जरलैंड (1,112), फ्रांस (1,014), कोरिया गणतंत्र (998), यूनाइटेड किंगडम (920), स्वीडन (809), इटली (477), डेनमार्क (310), कनाडा (294), इजराइल (266), बेल्जियम (262), ऑस्ट्रीया (230), फिनलैंड (197) तथा स्पेन (124)। देशानुसार विवरण **परिशिष्ट ख** में प्रदर्शित किया गया है।

पी.सी.टी. राष्ट्रीय फेज हेतु शीर्ष दस आवेदक (देशानुसार)





(iii) शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी आवेदक

निम्नलिखित तालिका उन **शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी आवेदकों** की सूची प्रदान करती है जिन्होंने 2016–17 के दौरान पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं। यह पाया गया है कि क्वालकम इंकॉरपोरेटेड इस सूची मे अग्रणी बना रहा जिसके बाद सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स क. लि., हुवाई टेक्नोलॉजी क. लि., माइक्रोसॉफ्ट टेक्नोलॉजी लाइसेंसिंग, एलएलसी इत्यादि का स्थान रहा।



शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी आवेदक

क्र.सं.	संगठन का नाम	दाखिल आवेदन
1	क्वालकम इंकॉरपोरेटेड	1840
2	सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स क. लि.	706
3	हुआवि टेक्नोलॉजी क. लि.	625
4	माइक्रोसॉफ्ट टेक्नोलॉजी लाइसेंसिंग,एलएलसी	589
5	कोनिनक्लीके फिलिप्स एन.वी.	557
6	जेनरल इलेक्ट्रीक कम्पनी	520
7	टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन (पीयूबीएल)	470
8	फिलिप्स लाइटिंग होल्डिंग बी. वी.	307
9	मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक कॉर्पोरेशन	218
10	बेस्फ एसइ	216

वर्ष 2016–17 के दौरान विभिन्न माध्यमों से प्राप्त एवं उद्गम देश तथा राज्य के अनुसार वर्गीकृत पेटेंट आवेदनों का विवरण **परिशिष्ट "ख"** में दर्शाया गया है।

2007–2008 से 2016–2017 की अवधि के दौरान विभिन्न माध्यमों से भारतीय प्रवासियों एवं अप्रवासियों से प्राप्त पेटेंट आवेदनों की संख्या **परिशिष्ट "ग"** में दर्शायी गई है।

2012–13 से 2016–17 की अवधि के दौरान रसायन, वैद्युतिक, यान्त्रिकी, जैवतकनीक, खाद्य, कंप्यूटर/इलेक्ट्रॉनिक्स इत्यादि के विषयवर दाखिल आवेदनों का विवरण **परिशिष्ट "ङ" तथा "ङ1"** मे प्रदत्त सारणी द्वारा दिखाया गया है।

2. परीक्षित आवेदनों की कुल संख्या

कार्यालय ने विगत वर्ष के 16,851 आवेदनों की तुलना मे वर्ष के दौरान 28,967 आवेदनों का परीक्षण किया। विगत वर्ष की तुलना मे इस वर्ष उन पेटेंट आवेदनों की संख्या मे लगभग 71.9% की वृद्धि रही जिनके लिए प्रथम परीक्षण रिपोर्ट जारी की गयी थी।

3. पेटेंट आवेदनों का कुल निपटान (दाखिल परीक्षण हेतु अनुरोध)

विगत वर्ष के 21987 की तुलना मे वर्ष के दौरान 30271 परीक्षण हेतु अनुरोध (आरक्यू) का निपटान किया गया जो विगत वर्ष की तुलना मे लगभग 39.7% की वृद्धि दर्शाता है।

2015–16 मे 36960 की तुलना मे 2016–17 मे 7.2% की वृद्धि के साथ 38578 परीक्षण हेतु अनुरोध दाखिल हुए।



4. अनुदानित तथा प्रवृत्त पेटेंट

वर्ष के दौरान अनुदानित पेटेंट की कुल संख्या **9,847** थी, जिनमें से **1,315** भारतीय आवेदकों को अनुदानित किए गए। 31 मार्च 2017 तक प्रवृत्त पेटेंट की संख्या **48,765** थी जिनमें से **7,660** पेटेंट भारतीयों के नाम थे। कुल अनुदानित पेटेंट मे से **2,673** पेटेंट रसायन और संबन्धित क्षेत्रों, **1,939** यांत्रिकी, **1,049** कंप्यूटर विज्ञान और इलेक्ट्रॉनिक्स, **805** संचार, **551** फर्मास्युटिकल, **579** वैद्युतिक, **333** जैव प्रौद्योगिकी इत्यादि से संबन्धित आवेदनों के लिए अनुदानित किए गए।

वर्ष 2006–07 से वर्ष 2016–17 की अवधि के दौरान दाखिल आवेदनों की संख्या, परीक्षण हेतु प्राप्त अनुरोधों की संख्या, परित्यक्त हुआ सा मान लिए गए आवेदन तथा पेटेंट अनुदान प्राप्त करने वाले आवेदन एवं प्रवृत्त पेटेंट की संख्या **परिशिष्ट–"घ"** में प्रदर्शित की गई है।

वर्ष 2012–13 से 2016–17 तक के विगत पाँच वर्षों के दौरान आविष्कार के विभिन्न क्षेत्रों के तहत अनुदानित पेटेंट की संख्या **परिशिष्ट – "च" व "च1"** मे प्रदर्शित की गई है।

शीर्ष 5 भारतीय पेटेंटग्राही



क्र.सं.	संगठन का नाम	अनुदानित पेटेंट
1	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद	104
2	महानिदेशक, प्रतिरक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन	80
3	सैमसंग आर – डी इन्स्टिट्यूट इंडिया– बंगलोर प्राइवेट लिमिटेड	64
4	हिंदुस्तान युनिलीवर लिमिटेड	62
5	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	55

शीर्ष 5 विदेशी प्रवासी पेटेंटग्राही



क्र.सं.	आवेदक	अनुदानित पेटेंट
1	क्वालकम इंकॉरपोरेटेड	383
2	जीएम ग्लोबल टेक्नोलॉजी ऑपरेशन्स, आईएनसी.	209
3	कोनिनक्लीके फिलिप्स इलेक्ट्रोनिक्स एन.भी.	159
4	एलजी इलेक्ट्रोनिक्स आईएनसी.	108
5	होंडा मोटर क., लि.	90

5. पेटेंट अधिनियम व नियमों के तहत विविध कार्यवाहियाँ

(क) परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आविष्कार: वर्ष के दौरान पेटेंट अधिनियम की धारा 4 के तहत 208 आवेदन परमाणु ऊर्जा विभाग को प्रेषित किए गए जिनमें से 18 आवेदन परमाणु ऊर्जा से संबद्ध पाए गए, जबकि 109 आवेदन सामान्य शासकीय कार्यवाही के तहत प्रक्रियागत करने के लिए अनुमत्त हुए तथा वर्ष के अंत तक 81 आवेदन परमाणु ऊर्जा विभाग के समक्ष विचारार्थ लंबित रहे।

(ख) धारा 11(क) के तहत पेटेंट आवेदनों का प्रकाशन: वर्ष के दौरान धारा 11(क) के तहत 86,766 आवेदन प्रकाशित किए गए जिनमें वैसे 2,446 आवेदन शामिल हैं जिनके लिए शीघ्र प्रकाशन हेतु अनुरोध प्राप्त किए गए थे। विगत पाँच वर्षों के दौरान प्रकाशित पेटेंट आवेदनों की संख्या संबंधी वर्षानुसार विवरण निम्नवत है:

वर्ष	2012–13	2013–14	2014–15	2015–16	2016–2017
धारा 11 क के तहत प्रकाशन	24,746	29,744	25,358	41,752	84,300
शीघ्र प्रकाशन	1,413	1,669	1,576	2,316	2,466
कुल	**26,159**	**31,413**	**26,934**	**44,068**	**86,766**

(ग) अनुदानपूर्व आपत्ति [धारा 25(1) के तहत]: वर्ष के दौरान अनुदानपूर्व आपत्ति के रूप में 206 आवेदन प्राप्त हुए व 18 अनुदानपूर्व आपत्तियों का निष्पादन वर्ष के दौरान कर दिया गया।

(घ) अनुदानोत्तर आपत्ति [धारा 25(2) के तहत]: वर्ष के दौरान, 12 अनुदानोत्तर आपत्तियाँ दाखिल की गईं। 12 अनुदानोत्तर आपत्तियों का निष्पादन वर्ष के दौरान कर दिया गया और प्रतिवेदन वर्ष के अंत तक 160 अनुदानोत्तर आपत्तियाँ निष्पादन हेतु लंबित रही।

(ड़) गोपनीयता निदेश (धारा 35 के तहत): वर्ष के दौरान, 119 पेटेंट आवेदन भारत सरकार, प्रतिरक्षा मंत्रालय के अधीन प्रतिरक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को उन आविष्कारों के प्रतिरक्षा उद्देश्य से संबद्ध होने विषयक विचार देने हेतु प्रेषित किए गए। वर्ष के दौरान 68 आवेदनों को सामान्य कार्यवाही हेतु अनुमत्त किया गया। वर्ष 2016–17 के अंत तक 51 आवेदन डीआरडीओ में लंबित रहे।

(च) देश से बाहर आवेदन करने की अनुमति (धारा 39 के तहत): भारत से बाहर आवेदन दाखिल करने की अनुमति का अनुरोध करते हुए 4,635 आवेदन फॉर्म 25 पर प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान ऐसे 4,519 आवेदनों पर अनुमति प्रदान कर दी गई।

(छ) व्यपगत पेटेंट का प्रत्यावर्तन (धारा 60 के तहत): वर्ष 2016–17 के दौरान पेटेंट के प्रत्यावर्तन के लिए 75 आवेदन प्राप्त हुए व 61 आवेदन प्रत्यावर्तित किए गए।

(ज) समनुदेशन, मोर्गेज, लाइसेंस आदि (धारा 68 तथा 69 के तहत): इस धारा के तहत दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए कुल 1539 मामले प्राप्त किए गए व प्रतिवेदन वर्ष के दौरान 961 आवेदनों का निपटान कर दिया गया।

(झ) जारी पेटेंट (धारा 146 के तहत): प्रतिवेदन वर्ष के दौरान पेटेंट कार्यालय ने फॉर्म–27 पर जारी पेटेंट के **42,870** कथन प्राप्त किए जिनमे से **11,318** पेटेंट को जारी रहने के रूप में दर्शाया गया था। विगत पाँच वर्षों के दौरान प्राप्त सूचना का विवरण निम्न सारणी में दिया गया है:

	2012–13	2013–14	2014–15	2015–16	2016–2017
प्रवृत्त पेटेंट	43,920	42,632	43,256	44,524	**48,765**
प्राप्त फॉर्म–27	27,946	33,088	31,990	39,507	**42,870**
जारी रहने के रूप में दर्शाया हुआ	6,201	8,435	7,900	8,589	**11,318**

(ञ) अनिवार्य लाइसेंस (धारा 84, 92 तथा 92-क के तहत): प्रतिवेदन वर्ष के दौरान अनिवार्य लाइसेंस के अनुदान हेतु केवल एक आवेदन प्राप्त हुआ।

(ट) सूचना (धारा 153 के तहत): वर्ष के दौरान पेटेंट नियम, 2003 के नियम 134 में यथा प्रदत्त इस अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत पेटेंट संबंधी सूचना की आपूर्ति करने के लिए पेटेंट कार्यालय ने 132 अनुरोध प्राप्त किए।

(ठ) अनुलिपि पेटेंट प्रमाण पत्र (धारा 154 के तहत): 3 अनुरोध प्राप्त किए गए तथा सभी 3 का निपटारा वर्ष के दौरान किया गया।

(ड) पेटेंट अभिकर्ताओं का पंजीकरण: वर्ष के दौरान 1 नए पेटेंट अभिकर्ता का पंजीकरण किया गया। 31 मार्च 2017 तक पंजीकृत पेटेंट अभिकर्ताओं की कुल संख्या 2,422 थी।

6. सामान्य सूचना

पेटेंट कार्यालय, कोलकाता, मुम्बई, दिल्ली एवं चेन्नई के वैज्ञानिक तथा तकनीकी पुस्तकालय जनता को परामर्श तथा संदर्भ कार्य के लिए सुविधा प्रदान करते रहे। इन सुविधाओं का विभिन्न अनुसंधान व औद्योगिक संस्थानों के आविष्कारक तथा अन्य जनता के साथ–साथ विभिन्न विश्वविद्यालयों में अनुसंधानरत विद्वानों ने उपयोग किया।

वर्तमान में पेटेंट कार्यालय, सीडी–रोम्स, पुस्तकें और जर्नल के अतिरिक्त वैज्ञानिक और तकनीकी ई–जर्नल प्राप्त करता है। भारत और विदेश में पेटेंट कार्यालयों के पेटेंट विनिर्देश और अन्य प्रकाशनों के माध्यम से अन्वेषण संचालित करने हेतु हजारों लोगों ने पेटेंट कार्यालय के पुस्तकालयों का दौरा किया।

पेटेंट कार्यालय द्वारा उसकी वेबसाइट www.ipindia.nic.in पर प्रदत्त निःशुल्क ऑनलाइन इंटरनेट अन्वेषण सुविधा का हितधारकों और सर्वसाधारण ने भी व्यापक लाभ उठाया।

7. सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना

वर्ष के दौरान, सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना उपलब्ध कराने के लिए 164 अनुरोध प्राप्त किए गए और अधिनियम के तहत प्रदत्त समय–सीमा के अनुसार सभी अनुरोधों पर उपयुक्त कार्रवाई की गई।

8. पेटेंट आवेदनों का त्वरित परीक्षण:

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, कार्यालय ने भारतीय पेटेंट कार्यालय के समक्ष आईएसए व स्टार्टअप के रूप में आईएसआर/आईपीईआर हेतु आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों का पेटेंट (संशोधन)

नियम 2016 में नियम 24 (ग) के अंतर्गतपेटेंट आवेदनों का त्वरित परीक्षण प्रारम्भ किया। वर्ष के दौरान 135 परीक्षण हेतु अनुरोध दाखिल हुए जिनमे आईएसए आवेदकों के 103 अनुरोध व स्टार्टअप के 32 अनुरोध शामिल हैं।

आवेदनों की स्थिति इस प्रकार है:

त्वरित परीक्षण हेतु दाखिल अनुरोधों की संख्या	135
जारी प्रथम परीक्षण रिपोर्ट की संख्या	69
अनुदानित पेटेंट	09
अस्वीकृत पेटेंट	03
परित्याग किए गए आवेदन	05

परिशिष्ट–क

परीक्षक एकस्व का विषयवार वितरण

क्र.सं.	विषय	परीक्षकों की संख्या
1	जैवरसायन	13
2	जैव प्रौद्योगिकी	30
3	बायोमेडिकल अभियंत्रणा	23
4	रसायन	101
5	सिविल अभियंत्रणा	12
6	कम्प्यूटर एवं आई टी अभियंत्रणा	34
7	वैद्युतिक व इलेक्ट्रॉनिक्स	128
8	यांत्रिकी	146
9	धातुकर्म	15
10	भौतिकी	50
11	पॉलीमर	17
12	वस्त्र	11
	कुल	**580**

परिशिष्ट ''ख''

वर्ष 2015-16 की तुलना में 2016-17 में दाखिल किए गए पेटेंट आवेदन उद्गम राज्य/राष्ट्र के अनुसार वर्गीकृत

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	साधारण		कन्वेंशन		राष्ट्रीय फेज आवेदन	
	2016-17	2015-16	2016-17	2015-16	2016-17	2015-16
अंडमान – निकोबार	2	1	0	0	0	0
आंध्र प्रदेश	271	265	0	0	7	10
अरुणाचल प्रदेश	6	0	0	0	0	0
असम	68	55	0	0	1	3
बिहार	26	25	0	0	1	3
चंडीगढ़	35	41	0	0	0	0
छत्तीसगढ़	22	22	1	0	0	0
दादरा & नागर हवेली	3	0	0	0	0	0
दमन & दीव	0	1	0	0	0	0
दिल्ली	1066	1139	0	0	9	15
गोवा	29	32	0	0	0	0
गुजरात	620	514	0	0	13	15
हरियाणा	441	389	0	2	3	4
हिमाचल प्रदेश	40	55	0	0	0	0
जम्मु & कश्मीर	49	23	0	0	0	0
झारखंड	144	126	0	0	0	1
कर्नाटक	1765	1989	23	13	27	18
केरल	276	277	0	3	0	0
मध्य प्रदेश	140	158	1	1	0	0
महाराष्ट्र	3513	3654	12	8	70	37
मणिपुर	2	0	0	0	0	0
मेघालय	0	1	0	0	0	0
मिजोरम	3	9	0	0	0	1

नागालैंड	1	1	0	0	0	0
उड़ीसा	103	73	0	0	0	2
पाण्डिचेरी	27	12	0	0	0	0
पंजाब	207	191	0	0	0	1
राजस्थान	181	150	0	0	0	0
सिक्किम	0	9	0	0	0	0
तमिलनाडु	2003	1739	7	8	8	9
तेलंगाना	798	790	4	0	3	5
त्रिपुरा	7	12	0	0	0	0
उत्तर प्रदेश	625	651	1	1	11	3
उत्तरांचल	64	45	0	0	0	0
कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के अध्याय XII और अध्याय XIII कॉपीराइट अतिलंघन के खिलाफ नागरिक व आपराधिक उपचार प्रदान करते हैं। कॉपीराइट अधिनियम की धारा 54–62 नागरिक उपचार से संबन्धित है व धारा 63–70 के अंतर्गत आपराधिक उपचार प्रदान किए गए हैं।

कॉपीराइट कार्यालय का कार्य परिदृश्य

समय के साथ, कॉपीराइट के बारे में जागरूकता दिन–प्रतिदिन बढ़ रही है और तदनुसार, कॉपीराइट कार्यालय के पंजीकरण कार्य मे भी कई गुना बढ़ोतरी हुई है।

2. कॉपीराइट की प्रवृत्ति

2015–16 में दाखिल 14812 आवेदनों की तुलना में वर्ष 2016–17 के दौरान, कुल 16617 आवेदन प्राप्त किए गए। वर्ष के दौरान, 16584 आवेदन परीक्षित किए गए व परीक्षण के उपरांत, 12988 नए आवेदनों के संबंध में प्रेक्षित विसंगतियों को सुधार के लिए आवेदकों को सूचित किया गया तथा 3596 रजिस्टर ऑफ कॉपीराइट उत्पन्न किए गए

2016–17 का सांख्यिकीय विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:

कुल प्राप्त आवेदन	कुल परीक्षित आवेदन	उत्पन्न रजिस्टर ऑफ कॉपीराइट (आरओसी)	नवीन विसंगति पत्र जारी
16617	9440	3596	12988

10. राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान (आरजीएनआईआईपीएम) व पेटेंट सूचना पद्धति (पीआईएस)

वर्ष की मुख्य विशेषताएं

आईपीओ परीक्षकों के लिए शुरूआती प्रशिक्षण

आईपीओ परीक्षकों के लिए उन्नत प्रशिक्षण

आईपीओ परीक्षकों के लिए न्यायिक प्रशिक्षण

हितधारकों के लिए आईपीआर पर प्रशिक्षण

डब्लूआईपीओ के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय कार्यालयों के परीक्षकों को प्रशिक्षण

परिचय

राजीव गाँधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान (आरजीएनआईआईपीएम) बौद्धिक सम्पदा अधिकार के क्षेत्र में प्रशिक्षण, प्रबंधन, शोध और शिक्षण हेतु उच्च कोटि का राष्ट्रीय केन्द्र है। वर्तमान मे, यह संस्थान एकस्व एवं अभिकल्प परीक्षकों, बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के अधिकारियों, बौद्धिक सम्पदा व्यवसायीयों, देश के बौद्धिक सम्पदा प्रबंधकों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान एवं विकास वैज्ञानिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षण देता है तथा बौद्धिक सम्पदा– उपयोक्ता समुदायों को जागरूकता प्रदान करता है।

उद्देश्य

आरजीएनआईआईपीएम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण प्रदान करना व बौद्धिक सम्पदा अधिकार के बारे मे जागरूकता पैदा करना है। आरजीएनआईआईपीएम ऐसी बौद्धिक संपदा (आईपी) व्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करता है जो वैश्विक मानदंडों के अनुरूप है:

- बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों की सभी आंतरिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान और पूरा करना तथा बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करना,
- देश के विभिन्न संगठनों में जागरूकता पैदा करके राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार नीति के उद्देश्य को लागू करना, बौद्धिक सम्पदा व्यवसायीयों, बौद्धिक सम्पदा प्रबंधकों और अनुसंधान एवं शोध वैज्ञानिकों, सरकारी संस्थानों व व्यक्तियों का प्रशिक्षण,
- अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना,
- विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों सहित बौद्धिक सम्पदा प्रणाली के उपयोक्ताओं में सामान्य जागरूकता व समझदारी बढ़ाना,
- उपयोक्ता समुदायों, सरकारी कर्मियों और बौद्धिक सम्पदा अधिकार के सृजन, वाणिज्यिकरण और प्रबंधन में शामिल हितधारकों को आधारभूत शिक्षा प्रदान करना,
- देश में सभी प्रकार के बौद्धिक सम्पदा हितधारकों के लिए स्वयं व प्रमुख संस्थानों के साथ मिलकर बौद्धिक सम्पदा अधिकार के प्रशिक्षण और शिक्षण की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करना,

प्रशिक्षण कार्यक्रमः

आरजीएनआईआईपीएम निम्नलिखित के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता हैः

- नवनियुक्त बौद्धिक सम्पदा कार्यालय की अधिकारी (पेटेंट, व्यापार चिह्न इत्यादि),
- बौद्धिक सम्पदा कार्यालय की अधिकारियों के लिए पुनश्चर्या कार्यक्रम,
- बौद्धिक सम्पदा कार्यालय की अधिकारियों के लिए विधायी प्रशिक्षण,
- बौद्धिक सम्पदा पर अल्पकालिक जन प्रशिक्षण कार्यक्रम,
- बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रमध बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर संस्थानों/संगठनों के लिए संगोष्ठियाँ
- वायपो व अन्य संगठनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण

2016–17 के दौरान उपलब्धियांः

वर्ष 2016–17 के दौरान आरजीएनआईआईपीएम ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार – प्रशिक्षण एवं जागरूकता पर 99 कार्यक्रम आयोजित किए जिनमे 31 कार्यक्रम 1 दिवसीय, 8 कार्यक्रम 2 दिवसीय, 8 कार्यक्रम साप्ताहिक, 4 कार्यक्रम 6 सप्ताह के लिए, 1 कार्यक्रम 2 सप्ताह के लिए, व शिक्षण संस्थानों मे 39 अर्धध्पूर्ण दिवासीय जागरूकता कार्यक्रम व संगोष्ठियाँ शामिल हैं।

वर्ष	प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि					परीक्षकों हेतु			आम जनता के लिए संगोष्ठी/ जागरूकता कार्यक्रम	अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम	प्रतिभागी	कुल
	1 दिवसीय	2 दिवसीय	3 दिवसीय	एक सप्ताह	दो सप्ताह	छः सप्ताह	90 दिन	30 दिन				
2012–13	––	3	––	––	––	––	2	––	7	––	955	12
2013–14	––	10	––	2	––	––	––	2	––	––	292	14
2014–15	––	6	4	2	––	––	––	––	6	––	941	18
2015–16	7	12	7	5	––	––	––	––	22	––	1179	53
2016–17	31	8	––	8	1	4	––	––	42(339)	5	7036	99
कुल	38	39	11	17	1	4	2	2	77	5	10403	196

राजस्वः 2016–17 के दौरान जन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से रु. 27,85,663/– का राजस्व अर्जित किया गया।

2012–13 से 2016–17 तक आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रमों का विवरण

2016–17 के दौरान, आरजीएनआईआईपीएम ने राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार नीति के अनुपालन मे बहुत सारे प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

2016–17 के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रमों की विशिष्ट विशेषताएँ

1, विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

नवनियुक्त परीक्षक एकस्व एवं अभिकल्प के लिए छः सप्ताह की अवधि वाले 4 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें कुल 458 परीक्षार्थी को 4 चरण में प्रशिक्षण दिया गया। 6–सप्ताह की अवधि के सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम सर्वांगीण संपूर्ण थे।

परीक्षकों के प्रथम बैच जिसमे 292 नवनियुक्त परीक्षक थे उनके लिए 11 अप्रैल से 20 मई, 2016 की अवधि के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन श्री रमेश अभिषेक, सचिव, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग द्वारा किया गया। श्री ओ.पी.गुप्ता, महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न तथा श्री एन.एन.प्रसाद, एडीजी, वायपो, मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित थे।

परीक्षकों के प्रथम बैच के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम व श्री रमेश अभिषेक, सचिव, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग का अभिभाषण।

परीक्षकों का दूसरा बैच

18 जुलाई से 27 अगस्त 2016 के दौरान कुल 109 परीक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

आरजीएनआईआईपीएम मे परीक्षकों के दूसरे बैच के लिए श्री सतपुते, निदेशक, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग का अभिभाषण।

परीक्षकों का तीसरा बैच

9 जनवरी से 28 फरवरी 2017 की अवधि के दौरान कुल 41 परीक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

परीक्षकों के तीसरे बैच के लिए श्री ओ.पी.गुप्ता, महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न का अभिभाषण

परीक्षकों का चौथा बैच

20 मार्च से 28 अप्रैल 2017 की अवधि के दौरान कुल 16 परीक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

सभी परीक्षकों के लिए विधायी प्रशिक्षण

विदेशी विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण सत्र

2, आरजीएनआईआईपीएम, नागपुर मे आयोजित जन प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रम

क) 26 अप्रैल, 2016 को बौद्धिक सम्पदा दिवस (आईपी डे): 26 अप्रैल, 2016 को आरजीएनआईआईपीएम ने वर्ल्ड आईपी डे मनाया व "डिजिटल क्रिएटिविटीरूकल्चर रीइमेजिंड" विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया, जहां संकाय सदस्यों ने विश्व भर मे उत्पादित रचनात्मक कार्यों के महत्त्व के बारे मे बताया।

ख) महाराष्ट्र के विभिन्न विश्वविद्यालयों मे 1 दिवसीय कार्यक्रम – आरयूएसए के सहयोग से, संकाय सदस्यों के लिए महाराष्ट्र के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुल 13 कार्यक्रम आयोजित किए गए ताकि उन्हें ''भारतीय पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया'' विषय पर पेटेंट दाखिल करने व इसके अन्य पहलुओं के बारे में जागरूक किया जा सके।

ग) संकाय के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम– आरयूएसए के सहयोग से आरजीएनआईआईपीएम संस्थान मे "भारतीय पेटेंट प्रक्रिया, पेटेंट खोज क्रिया, पेटेंट विनिर्देश का प्रारूपण, अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट दाखिल करने की प्रक्रिया" विषय पर (3) कार्यक्रम आयोजित किए गए।

घ) **हिन्दी पखवाड़ाः** हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया जिसमें सभी अधिकारियों ने उक्त कार्यक्रमों मे बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिसमें अधिकारियों को अपने नियमित कार्य मे हिंदी के उपयोग को शामिल करने का निर्देश दिया गया था।

ङ) **बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रमः** वर्ष 2016–17 के दौरान, आरजीएनआईआईपीएम, नागपुर ने विभिन्न संस्थानों, विश्वविद्यालयों व अन्य मे बौद्धिक सम्पदा अधिकार के क्षेत्र मे जागरूकता बढ़ाने के लिए 39 जागरूकता कार्यक्रम नागपुर के बाहर व 3 दत्त–शुल्क आंतरिक संगोष्ठियाँ आयोजित कीं।

3. अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किए गए:

क) पेटेंट खोज व परीक्षण पर एशियाई प्रशांत देशों के लिए 1-सप्ताह (17-21 अक्तूबर, 2016) का वायपो-भारत प्रशिक्षण कार्यक्रम

17–21 अक्तूबर, 2016 के दौरान पेटेंट खोज व परीक्षण पर एशिया प्रशांत देशों के लिए वायपो द्वारा आरजीएनआईआईपीएम के सहयोग से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे वायपो के संसाधन व्यक्ति अर्थात मिस्टर शिमंगा कोंगोलो व मिस्टर मैथ्यु रेने अतिथि संकाय थे व बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के विशेषज्ञों व नामी बौद्धिक सम्पदा न्यायवादियों ने सत्र मे भाग लिया।

(ख) व्यापार चिह्न पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

5 नवंबर 2016 व 27 फरवरी 2017 को, यूरोपीय संघ (ईयूआईपीओ) के सहयोग से आरजीएनआईआईपीएम मे व्यापार चिह्न पर एक दिन का विशेष सार्वजनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसमे पूर्ण आधार पर विशेष जोर देते हुए अपरंपरागत व्यापार चिह्नों पर

प्रायोगिक उदाहरण व अभ्यास कराया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, व्यापार चिह्न व भौगोलिक उपदर्शन व अंतर्राष्ट्रीय व्यापार चिह्न पंजीकरण प्रणाली के साथ साथ लाभ, व्यापार रणनीतियों के लिए महत्व पर चर्चा की गयी।

(ग) एक सप्ताह (20-24 फरवरी 2017) ब्रिक्स परीक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस वर्ष ब्रिक्स परीक्षक प्रशिक्षण भेषज/रसायन के क्षेत्र में किया गया। खोज और परीक्षण पाठ्यक्रम प्रशिक्षण के अलावा भारतीय बौद्धिक सम्पदा विधान पर आम चर्चा भी हुई। प्रत्येक देश के प्रतिनिधियों ने उनके पेटेंट विधान पर जोर देते हुए प्रस्तुति दी। ब्रिक्स देशों के विधानों मे समानताएं जानने के लिए भी चर्चा हुई।

(घ) 22 व 23 फरवरी, 2017 को ब्रिक्स समन्वय समूह की बैठक

ब्रिक्स परीक्षक प्रशिक्षण अवधि के दौरान, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली ब्रिक्स–एचआईपीओ की बैठक की कार्यसूची को अंतिम रूप देने के लिए ब्रिक्स समन्वय समूह की बैठक भी आयोजित की गई। श्री एस.कुंडु, उप नियंत्रक एकस्व एवं अभिकल्प ने ब्रिक्स फोकल पॉइंट के रूप मे कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न, भारत का प्रतिनिधित्व किया।

ङ) पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) प्रणाली पर 2-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

वर्ष के दौरान औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) व जापान पेटेंट कार्यालय (जेपीओ) के सहयोग से वायपो ने दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। पेटेंट सहयोग संधि का अवलोकन व अंतर्राष्ट्रीय शोध प्राधिकरण की भूमिका पर मामलों के अध्ययन व अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारियों की खोज व परीक्षण परिणामों तक पहुंच पर चर्चा की गयी।

पेटेंट सूचना पद्धति

भारत सरकार ने 1980 में नागपुर में पेटेंट सूचना पद्धति (पीआईएस) कार्यालय की स्थापना विश्व स्तर पर पेटेंट विनिर्देशों और पेटेंट से संबंधित साहित्य का विशद् संकलन प्राप्त करने और रखने ताकि अनुसंधान एवं शोध संस्थानों, सरकारी कार्यालयों, उद्योगों, व्यवसायी उद्यमों, आविष्कारकों और भारत के अन्य उपयोक्ताओं की प्रौद्योगिकीय सूचना की आवश्यकता को पूरा करने व अन्वेषण सेवाओं द्वारा पेटेंट मे निहित प्रौद्योगिकी सूचना उपलब्ध कराने तथा पेटेंट विनिर्देशों की प्रति आपूर्ति के उद्देश्य से की।

पेटेंट सूचना पद्धति की सेवाएँ

पेटेंट सूचना पद्धति द्वारा प्रदत्त सेवाओं की सूची है निम्नवत है:

आधुनिकीकृत सेवा

आधुनिकीकृत सेवा का विहंगावलोकन प्रदान करता है।

अन्वेषित पेटेंट दस्तावेज के सार तथा संदर्भगत आँकड़े प्रदान करता है।

संदर्भगत अन्वेषण

अन्वेषित पेटेंट दस्तावेज के संदर्भगत आँकड़े उपलब्ध कराता है।

आविष्कारक का नाम, आवेदक का नाम, वर्गीकरण संकेत सहित एक या अधिक उपयुक्त खोज शब्दावली का प्रयोग करता है।

सहायक अन्वेषण

उपयोक्ताओं को अन्वेषण संचालित करने के लिए डाटाबेस का उपयोग करने की अनुमति होती है। अन्वेषण करने में सामान्य सहायता उपलब्ध करायी जाती है।

पेटेंट प्रति आपूर्ति सेवा (पीआईएस)

पेटेंट सूचना पद्धति उन पेटेंट दस्तावेज की छाया प्रति उपलब्ध कराती है जो पीआईएस मे उपलब्ध हैं।

11. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न ने द्विपक्षीय स्तर के साथ–साथ बहुपक्षीय स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस प्रकार के सहयोग से विश्व के विभिन्न बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों की कार्य प्रणाली की बेहतर समझ प्राप्त होती है। कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न वायपो व अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर आयोजित चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, अंतर्राष्ट्रीय मामलों से संबंधित मामलों से निपटने वाले प्रभाग का पुनर्योजन किया गया। कुशल समन्वय के लिए, श्अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रभागश को वरिष्ठ संयुक्त नियंत्रक एकस्व एवं अभिकल्प के नेतृत्व में रखा गया जो महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न को रिपोर्ट करता है।

1. यूरोपीय पेटेंट कार्यालय के साथ सहयोग

विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस 2016 के अवसर पर, महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न व यूरोपीय पेटेंट कार्यालय (ईपीओ) के प्रतिनिधियों के बीच द्विपक्षीय सहयोग गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए बैठक हुई। दोनों पक्ष अगली द्विपक्षीय कार्य योजना पर कार्य करने के लिए सहमत हुए क्योंकि वर्तमान कार्य योजना सितंबर 2016 में खत्म होने वाली थी। ईपीओ के अनुरोध पर, कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न ने जुलाई 2016 में म्यूनिख (जर्मनी) में ईपीओ व ईयूआईपीओ द्वारा आयोजित आईपी कार्यकारी सप्ताह में भी भाग लिया। ईपीओ ने अगस्त 2016 में आरजीएनआईआईपीएम नागपुर में कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न मे नवनियुक्त परीक्षक एकस्व एवं अभिकल्प के प्रशिक्षण हेतु अपने विशेषज्ञों को भेजा। अक्टूबर 2016 में, वायपो सामान्य सभाओं 2016 के दौरान, मिस्टर राएमड लट्ज, वाइस प्रेजीडेन्ट, विधि/अंतर्राष्ट्रीय मामले के नेतृत्व मे ईपीओ प्रतिनिधिमंडल के साथ महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न के साथ द्विपक्षीय बैठक का आयोजन किया गया।

2. जापान पेटेंट कार्यालय के साथ सहयोग

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न व जापान पेटेंट कार्यालय (जेपीओ) के बीच मौजूदा कार्य–योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अप्रैल–मई 2016 मे, कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न मे नवनियुक्त पेटेंट परीक्षकों के प्रथम बैच के प्रशिक्षण हेतु जेपीओ ने विशेषज्ञ भेजे। अगस्त 2016 मे भी, जेपीओ ने नवनियुक्त पेटेंट परीक्षकों के दूसरे बैच के प्रशिक्षण हेतु विशेषज्ञ भेजे। कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न व जेपीओ के बीच अगले द्विवार्षिक के लिए मसौदा कार्य योजना पर चर्चा हुई। जेनेवा मे वायपो सामान्य

सभा 2016 के दौरान 3 अक्तूबर 2016 को महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न व जेपीओ कमीशनर के बीच द्विपक्षीय बैठक का आयोजन किया गया।

3. यूकेआईपीओ के साथ सहयोग

7 नवंबर 2016 को, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) व यूनाइटेड किंगडम के बौद्धिक संपदा कार्यालय (यूकेआईपीओ) ने बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग गतिविधियों को स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों देशों में नवाचार, रचनात्मकता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। समझौता ज्ञापन एडम विलियम्स, यूकेआईपीओ मे कार्यकारी निदेशक अंतर्राष्ट्रीय नीति व श्री राजीव अग्रवाल, संयुक्त सचिव, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग द्वारा हस्ताक्षरित किया गया तथा नई दिल्ली में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी व माननीय ब्रिटिश प्रधान मंत्री सुश्री थेरेसा मे की उपस्थिति में उसका आदान प्रदान किया गया।

समझौता ज्ञापन व्यापक व लचीला ढांचा स्थापित करता है जिसके माध्यम से दोनों देश सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का आदान–प्रदान कर सकते हैं तथा बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर जागरूकता बढ़ाने व बौद्धिक संपदा अधिकारों के बेहतर संरक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों व तकनीकी विमर्श पर मिलकर काम कर सकते हैं।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने से पहले भी महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न व यूकेआईपीओ आपसी सहयोग में व्यस्त थे। वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मई व अगस्त 2016 मे डिजाइन के अतिलंघन व पेटेंट परीक्षकों के प्रशिक्षण पर चर्चा हुई।

जेनेवा मे वायपो सामान्य सभा 2016 के दौरान अक्तूबर 2016 मे महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न व यूकेआईपीओ के सीईओ के बीच द्विपक्षीय बैठक का आयोजन किया गया। यूकेआईपीओ के प्रतिनिधिमंडल ने 7 से 9 नवंबर 2016 तक बौद्धिक सम्पदा कार्यालय, दिल्ली का दौरा किया व व्यापार चिह्न तथा डिजाइन के विरोध प्रक्रिया के क्षेत्र मे सर्वोत्तम प्रक्रियाओं पर चर्चा की गई।

4. एसआईपीओ चीन के प्रतिनिधिमंडल का दौरा

चीन गणराज्य के स्टेट इंटेलेक्चुयल प्रॉपर्टी ऑफिस (एसआईपीओ) के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग विभाग की सुश्री जांग जिंग, डेप्युटी डाएरेक्टर जेनरल की अध्यक्षता मे कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न, मुंबई का दौरा किया व उसके बाद पेटेंट कार्यालय, कोलकाता का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान, एसआईपीओ प्रतिनिधिमंडल ने डिजाइन आवेदनों की परीक्षण प्रक्रिया के अनुभव व प्रशिक्षण, के साथ भारत मे की गयी बौद्धिक सम्पदा पहलों के संबंध मे नवीनतम विकास जैसे मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

5. साउथ सेंटर के साथ सहयोग

साउथ सेंटर जिनेवा, स्विट्जरलैंड में स्थित विकासशील देशों का एक अंतर्सरकारी संगठन है जो विकासशील देशों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समान हितों को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयासों और विशेषज्ञता को जोड़ने में मदद करता है। औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग के साथ मौजूदा समझौता ज्ञापन के अंतर्गत, साउथ सेंटर ने नवनियुक्त परीक्षक एकस्व एवं अभिकल्प हेतु भेषज संबंधी आविष्कारों के पेटेंट आवेदनों के परीक्षण पर एक–दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया व सार्वजनिक स्वास्थ्य पर वैश्विक रणनीति व दवाइयों तक पहुंच पर ध्यान देते हुए अन्य देशों के अनुभवों को साझा किया।

6. ब्रिक्स–बौद्धिक सम्पदा अधिकार सहयोगः

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न ने ''ब्रिक्स आईपीआर कोऑपरेशन रोडमैप'' के अध्यक्ष कार्यालय के रूप मे कार्य किया। तदनुसार, जेनेवा, स्विट्जरलेंड मे वायपो सामान्य सभा के दौरान महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न की अध्यक्षता में ब्रिक्स एचआईपीओ की सहचर बैठक का आयोजन किया गया जिसमे ब्राजील, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका के बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के अध्यक्षों ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ भाग लिया। कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न ने आरजीएनआईआईपीएम, नागपुर मे 20 से 24 फरवरी 2017 तक ब्रिक्स परीक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया। भेषज/रसायन को प्रशिक्षण के क्षेत्र के रूप मे चुना गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे ब्राजील, रूस, चीन व दक्षिण अफ्रीका के 14 प्रतिभागी शामिल हैं।

7. वायपो सामान्य सभा 2016 व द्विपक्षीय सहचर बैठकें

2016–17 के दौरान, श्री ओ.पी.गुप्ता, महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न, डॉ. राजेश दीक्षित, उप नियंत्रक व श्री सुभेन्दु कुंडु, उप नियंत्रक ने वायपो सामान्य सभा बैठक, विभिन्न देशों के बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ द्विपक्षीय बैठकों व वायपो सामान्य सभा की सहचर बैठक के रूप मे ब्रिक्स एचआईपीओ की बैठक मे भाग लिया। महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न ने डायरेक्टर जेनरल, वायपो द्वारा चयनित बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के अध्यक्षों के साथ बैठक मे भी भाग लिया।

वायपो सामान्य सभा के समय, द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने के लिए विश्व के प्रमुख बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के अध्यक्षों के साथ बैठक की गयी, जिसमे शामिल हैं,

1. जापान पेटेंट कार्यालय,
2. एसआईपीओ–चीन बौद्धिक सम्पदा कार्यालय
3. यूरोपीय पेटेंट कार्यालय
4. यूके– बौद्धिक सम्पदा कार्यालय
5. डेनिश बौद्धिक सम्पदा कार्यालय
6. दक्षिण अफ्रीका का बौद्धिक सम्पदा कार्यालय
7. ईयू – बौद्धिक सम्पदा कार्यालय
8. आईएनपीआई – फ्रांस का बौद्धिक सम्पदा कार्यालय

8. वायपो भारत सहयोग

औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग तथा विश्व बौद्धिक सम्पदा संगठन (वायपो) ने 13 नवम्बर 2009 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जिसका उद्देश्य अधिक सक्रिय, प्रणालीबद्ध

संगठन और संयुक्त गतिविधियॉ चलाने के माध्यम से भारत सरकार और वायपो के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना था ताकि भारत में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और प्रौद्योगिकी विकास के लिए बौद्धिक सम्पदा के प्रयोग के लक्ष्य को बढ़ावा मिल सके। इस सहयोग के तहत, वायपो के प्रतिनिधिमंडल ने बौद्धिक सम्पदा कार्यालय का वायपो सीएएसई और वायपो डीएएस में शामिल होने मे समर्थन करने के लिए भारत का दौरा किया। 1 जनवरी 2017 से भारत वायपो सीएएसई के तहत उपलब्ध विभिन्न देशों की खोज व परीक्षण रिपोर्ट से संबंधित जानकारी तक पहुंच के लिए अभिगम कार्यालय के रूप में वायपो सीएएसई में शामिल हो गया है। और, वायपो के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय रिसीविंग ऑफिस के परीक्षकों व कर्मचारियों को समर्थन व प्रशिक्षण प्रदान करने व ईपीसीटी प्रणाली की कार्यक्षमता के लिए भारत का दौरा किया। वायपो ने आरजीएनआईआईपीएम, नागपुर मे 28–29 नवंबर, 2016 के दौरान पेटेंट परीक्षकों के लिए पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) प्रणाली पर राष्ट्रीय कार्यशाला का भी आयोजन किया।

9. अंतर्राष्ट्रीय प्राधिकारियों की बैठक में भागीदारी:

भारतीय पेटेंट कार्यालय 2013 मे पीसीटी/एमआईए क्वालिटी सबग्रुप का सदस्य बना, जब कार्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय खोज व प्रारम्भिक परीक्षण प्राधिकारी के रूप मे कार्य करना आरंभ किया। पीसीटी विनियमों के अनुसार, प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय प्राधिकरण को वायपो द्वारा प्रकाशित अंतर्राष्ट्रीय प्राधिकरणों के लिए अंतर्राष्ट्रीय खोज एवं प्रारम्भिक परीक्षण दिशानिर्देश मे दिये गए ढांचे के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली स्थापित करेगा। 8 से 10 फरवरी, 2017 तक रिक्जेविक मे आयोजित गुणवत्ता उपसमूह व अंतर्राष्ट्रीय प्राधिकारियों की 24 वीं बैठक मे श्रीमती रेखा वी. उप नियंत्रक एकस्व एवं अभिकल्प ने भारत के प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व किया व बैठक मे भाग लिया।

12. पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी)

परिचयः

7 सितंबर, 1998 को, भारत ने जिनेवा में वायपो के साथ दो अंतर्राष्ट्रीय संधियों का अधिमिलन प्रपत्र जमा किया। ये दो संधियां नामतः औद्योगिक संपत्ति के संरक्षण के लिए पेरिस कन्वेंशन तथा पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) 7 दिसम्बर, 1998 से भारत पर बाध्य हैं।

पीसीटी एक ही भाषा में एक ही अंतर्राष्ट्रीय आवेदन पत्र दाखिल करने का प्रावधान है, जिसका प्रभाव प्रत्येक उस देश पर है जो पीसीटी का सदस्य है और जिसे आवेदक पेटेंट की संरक्षा के लिए अपने आवेदन में निर्दिष्ट करता है। पीसीटी द्वारा प्रस्तावित सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह प्रक्रियाओं को सरल करता है और कई देशों में पेटेंट संरक्षण के लिए लागत कम करता है।

1) प्राप्तकर्ता कार्यालय (रिसीविंग ऑफिस)(आईएन):

भारतीय पेटेंट कार्यालय ने 1998 मे पीसीटी से जुडने के बाद से प्राप्तकर्ता कार्यालय के रूप मे कार्य करना आरंभ किया है। कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई व मुंबई मे स्थित सभी पेटेंट कार्यालय पीसीटी के तहत अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों के लिए चयनित कार्यालय व प्राप्तकर्ता कार्यालय नामित कार्यालय के रूप मे कार्य कर रहे हैं। पेटेंट ऑफिस कोलकाता वायपो के अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो, अंतर्राष्ट्रीय खोज प्राधिकरणों व अंतर्राष्ट्रीय प्रारम्भिक परीक्षण प्राधिकरण ों के लिए उपयुक्त कार्यालय था। तथापि, 15 अक्तूबर, 2013 से ये कार्य पेटेंट कार्यालय दिल्ली द्वारा किए जा रहे हैं। भारतीय पेटेंट कार्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो को अधिसूचित किया कि वह 15 नवंबर 2014 से अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों को इलेक्ट्रोनिक रूप मे प्राप्त व उन पर कार्यवाही करने के लिए तैयार है। विगत पाँच वर्षों के दौरान आरओ/आईएन व आरओ/आईबी मे दाखिल अंतर्राष्ट्रीय पीसीटी आवेदनों का विवरण निमन्वत हैः

2) आरओ/आईएन व आरओ/आईबी मे दाखिल अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों की प्रवृत्ति

	आरओ/आईएन			आरओ/आईबी		
वर्ष	वैयक्तिक	विधिक सत्ताधारी द्वारा दाखिल	कुल	वैयक्तिक	विधिक सत्ताधारी द्वारा दाखिल	कुल
2012–13	252	790	1042	244	388	632
2013–14	248	568	816	134	427	561
2014–15	235	566	801	145	469	614
2015–16	234	459	693	226	485	711
2016–17	472	272	744	276	523	799

गत दो वर्षों में भौतिक व इलेक्ट्रॉनिक मोड से प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय आवेदन

वर्ष	आरओ/आईएन			आरओ/आईबी		
	भौतिक	ईपीसीटी	कुल	भौतिक	ईपीसीटी	कुल
2015–16	385	308	693	17	694	711
2016–17	271	473	744	16	783	799

3) अंतर्राष्ट्रीय खोज व प्रारम्भिक परीक्षण प्राधिकरण (भारत)

भारतीय पेटेंट कार्यालय ने 15 अक्तूबर 2013 से पीसीटी के तहत अंतर्राष्ट्रीय खोज प्राधिकरण व अंतर्राष्ट्रीय प्रारम्भिक परीक्षण प्राधिकरण के रूप मे कार्य करना आरंभ किया। आईपीओ व्यावसायिक रूप से योग्य व प्रशिक्षित परीक्षक के साथ पूरी तरह से समर्थ है व इसके पास पेटेंट और गैर–पेटेंट साहित्य का व्यापक संग्रह है जो कि पीसीटी न्यूनतम दस्तावेज की मांग को पूरा करता है। आईपीओ ने गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की स्थापना की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गुणवत्ता की अंतर्राष्ट्रीय खोज रिपोर्ट व अंतर्राष्ट्रीय प्रारंभिक परीक्षण रिपोर्ट निर्धारित समय के भीतर जारी की जाए जिससे उपयोगकर्ता भारत आईएसए/आईपीईए में विश्वास पैदा कर सकें।

आईएसए/आईएन मे प्राप्त पीसीटी आवेदनों का विवरण

वर्ष	दाखिल	निपटान	आहरित	लंबित
2013–14	135	18	1	116
2014–15	519	502	4	129
2015–16	711	621	1	218
2016–17	940	983	0	175

क) आरओ/आईएन व आरओ/आईबी से प्राप्त पीसीटी आवेदनों का विवरण

वर्ष	आरओ/आईएन	आरओ/आईबी	कुल
2013–14	94	41	135
2014–15	294	225	519
2015–16	326	385	711
2016–17	392	548	940

ख) अंतर्राष्ट्रीय प्रारम्भिक परीक्षण प्राधिकरण (भारत)

वर्ष	दाखिल	निपटान	आहरित	लंबित
2013–14	0	0	0	0
2014–15	11	0	1	10

2015–16	24	14	1	19
2016–17	30	28	1	20

4. भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल पीसीटी अंतर्राष्ट्रीय आवेदन

विगत पाँच वर्षों के दौरान प्राप्तकर्ता कार्यालय के रूप में भारतीय पेटेंट कार्यालय में भारतीय आवेदकों द्वारा पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) के तहत दाखिल अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों की कुल संख्या निम्नवत है इस संख्या में वे अन्तर्राष्ट्रीय आवेदन शामिल नहीं है जो भारतीय आवेदकों द्वारा सीधे वायपो के अन्तर्राष्ट्रीय ब्यूरो में प्राप्तकर्ता कार्यालय के रूप में दाखिल किए गए हैं:

वर्ष	वैयक्तिक	विधिक सत्ताधारी	कुल
2012–2013	252	790	1042
2013–2014	248	568	816
2014–2015	235	566	801
2015–2016	234	459	693
2016–2017	**272**	**472**	**744**

अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों की विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति

भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल पीसीटी अंतर्राष्ट्रीय आवेदन



प्रतिवेदन वर्ष के दौरान पीसीटी अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों के सर्वप्रमुख अंशदाता थे – वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, सन फार्मा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित), एमएसएन लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड व हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड।

13. प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा बर्हि-क्रियाकलाप

परिचय

भारत सरकार ने आईपी अधिकारियों के बीच कौशल और विशेषज्ञता विकसित करने और आईपी कार्यालायों की क्षमता निर्माण के अपने मिशन को जारी रखा है, इस प्रकार मानव संसाधन का मजबूत आधार तैयार किया जा रहा है। इसके लिए पेटेंट तथा व्यापार चिह्न परीक्षकों एवं अन्य अधिशासियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी आयोजित किए गए हैं।

विगत वर्षों की ही तरह, कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न ने आम जनता के साथ–साथ शोध व विकास संस्थानों, वैज्ञानिक संस्थानों एवं विश्वविद्यालय व उद्योग विशेषकर उद्योग संघ जैसे एफआईसीसीआई, सीआईआई, असोचम, पीएचडीसीसीआई, सीडबल्यूईआई इत्यादि के सहयोग से लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए संपर्क कार्यक्रम संचालित करने की दिशा में भी पहल की है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बौद्धिक सम्पदा से संबन्धित महत्वपूर्ण मुद्दों और सरोकारों की विस्तृत समझ बनाने, बौद्धिक सम्पदा अधिकार की सुरक्षा और प्रवर्तन विषयक ज्ञान प्रदान करने और जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ व्यवसायों का सशक्तीकरण करने के लिए बौद्धिक सम्पदा अधिकार का लाभ उठाना था। बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के अधिकारी, वायपो, विश्वविद्यालयों, टीआईएफएसी, एमएसएमई, एनआरडीसी, एनआईडी, व औद्योगिक संगठनों जैसे फिक्की, सीआईआई, एसोचेम, पीएचडीसीसीआई आदि द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रमों में संसाधन व्यक्ति के रूप में नियमित भाग लेते रहे हैं।

भारत और विदेश में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बैठकों व प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अधिकारियों की भागीदारी

वर्ष 2016–17 के दौरान कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प व व्यापार चिह्न के अधिकारियों ने वायपो और विदेशी बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण, सेमिनार और कार्यशालाओं में प्रतिभागिता की। इन अधिकारियों ने जिन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया उनके वर्णन निम्नवत हैः

वर्ष 2016–17 के दौरान विदेशी कार्यक्रमों की सूची और उसमें नामित अधिकारियों की संख्या

क्र.सं.	कार्यक्रम का नाम	कार्यक्रम के लिए नामित अधिकारियों की संख्या
1	19–20 अप्रैल, 2016 पेटेंट परीक्षण, गुणवत्ता प्रबंधन पर क्वाला लमपुर मे वायपो की क्षेत्रीय कार्यशाला	1

2	21–22 अप्रैल, 2016 (ईस्ट मीट्स वेस्ट) "भारत में हाल ही के पेटेंट (संशोधन) नियमों का प्रभाव व उभरते बाजारों के समाचार पर" गोलमेज चर्चा	1
3	17–20 मई 2016 तक पेटेंट सहयोग संधि कार्यकारी समूह का 9वां सत्र व तकनीकी सहयोग पर पेटेंट सहयोग संधि समिति का 29वां सत्र	1
4	**13–17** जून, 2016 तक जिनेवा में आयोजित चिह्न के अंतर्राष्ट्रीय पंजीकरण हेतु मैड्रिड प्रणाली के विधिक विकास पर वायपो कार्यकारी समूह का 14वॉ सत्र	1
5	20–22 जून, 2016 तक **मॉस्को, रूस** में ब्रिक्स देशों के बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के प्रमुखों (एचआईपीओ) की छठी बैठक	2
6	27–30 जून, 2016 तक जिनेवा में पेटेंट विधान की स्थायी समिति (एससीपी) **का 24**वॉ सत्र	2
7	27–30 **जून, 2016** तक एलीकेंते, स्पेन मे यूरोपीयन यूनियन बौद्धिक सम्पदा कार्यालय (ईयूआईपीओ)	3
8	11–14 जुलाई, 2016 तक म्यूनिख जर्मनी मे आयोजित यूरोपीयन पेटेंट अकादमी सेमिनार – OS41–2016, बौद्धिक सम्पदा कार्यकारी सप्ताह	2
9	22 से 23 अगस्त तक सिंगापुर मे लघु व मध्यम उद्यमों के बीच बौद्धिक सम्पदा संस्कृति बनाने पर वायपो का क्षेत्रीय सेमिनार	1
10	**2** सितम्बर से 1 नवंबर, 2016 तक टोक्यो, जापान मे आयोजित जेपीओ/आईपीआर जारी पेटेंट परीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम	6
11	1 व 2 सितंबर, 2016 को सियोल, कोरिया गणतन्त्र मे आयोजित पीएएनआईटीईएक्स मे वक्ता	1
12	जिनेवा में 2 से 6 अक्तुबर, 2016 तक असेम्बली बैठक का 56वॉ सत्र	2
13	3 से 11 अक्तूबर, 2016 तक जेनेवा मे मेड्रिड यूनियन असेम्बली	1
14	जिनेवा में 3 से 11 अक्तूबर, 2016 तक पीसीटी यूनियन असेम्बली बैठक	1
15	13–20 अकतूबर, 2016 तक जापान पेटेंट कार्यालय, टोकियो, जापान मे पेटेंट परीक्षण प्रबंधन पर जेपीओ/आईपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम	2
16	17–19 अक्तूबर, 2016 तक जेनेवा मे लॉ ऑफ ट्रेडमार्क, इंडस्ट्रियल डिजाइन एंड जेओग्राफिकल इंडिकेशंस पर वायपो की स्थायी समिति (एससीटी) का 36वां सत्र	1
17	25–27 अक्तूबर, 2016 तक डायजोन, कोरिया गणतंत्र में आयोजित वायपो की क्षेत्रीय कार्यशाला	2

18	31 अक्तूबर से 4 नवम्बर, 2016 तक जेनेवा में आयोजित बौधिक सम्पदा का विकास की वायपो समिति का 18 वा सत्र –(सीडीआईपी)	1
19	8 से 21 नवंबर, 2016 तक टोक्यो, जापान मे डिजाइन के मूल परीक्षण पर जेपीआ/आईपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम	2
20	17 से 30 नवंबर, 2016 तक टोक्यो, जापान मे व्यापार चिह्न के मूल परीक्षण पर जेपीओ/आईपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम	2
21	6–7 दिसंबर, 2016 तक टोक्यो, जापान मे पेटेंट जानकारी के प्रसार और प्रभावी उपयोग पर कार्यशाला पर वायपो का क्षेत्रीय सेमिनार	1
22	**12–15** दिसंबर, 2016 तक जेनेवा मे, वायपो की पेटेंट की स्थायी समिति (एससीपी) का 25वा सत्र– नामांकन	1
23	13–14 दिसंबर, 2016 तक टोक्यो, जापान मे बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के मैड्रिड प्रणाली के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की वायपो क्षेत्रीय बैठक	1
24	16–20 जनवरी, 2017 तक टोक्यो, जापान मे उभरते देशों के बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के आईटी विभाग के कर्मचारियों हेतु वाइपो क्षेत्रीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	1
25	राएक्जेविक, आइसलेंड मे 6–10 फरवरी, 2016 तक नोर्डिक पेटेंट इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित पीसीटी व गुणवत्ता उप–समूह के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय प्राधिकारियों की बैठक	1

1. बौद्धिक सम्पदा–जागरूकता कार्यक्रम :

क) जागरूकता कार्यक्रमः

अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और विश्वविद्यालयों में बौद्धिक सम्पदा और आविष्कार प्रबंधन पर जागरूकता सृजित करने के उद्देश्य को जारी रखते हुए एनआरडीसी ने बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के साथ मिलकर सम्पूर्ण भारत में बौद्धिक सम्पदा–संबन्धित में कार्यक्रम संचालित किए।

41 कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन किया गया है और लगभग 5000 प्रतिभागियों (विश्वविद्यालय के विद्यार्थी/व्याख्याता तथा अनुसंधान संगठनों के वैज्ञानिक) ने इन कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभागिता दी और उन्हें बौद्धिक सम्पदा अधिकार की संरक्षा के महत्व से परिचित कराया गया। जिन विश्वविद्यालयों में यह कार्यक्रम संचालित हुए उनकी सूची निम्नवत है:

उद्योग संघ	कार्यक्रम आयोजित			
	विश्वविद्यालय	महाविद्यालय	सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम	कुल
सीआईआई	01	04	04	09
पीएचडी चेम्बर्स	01	04	04	09
सीडबल्यूईआई	01	04	04	09
फिक्की	01	04	04	09
असोचम	शून्य	02	03	05
कुल				**41**

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विश्वविद्यालय/अनुसंधान संगठन के स्तर पर बौद्धिक सम्पदा अधिकार की अधिकाधिक जागरूकता सृजित करने के प्रयासों को सुदृढ़ व समेकित करना था। इन कार्यक्रमों के लक्ष्य विशेषकर विद्यार्थी, अनुसंधानकर्ता, व्याख्याता और प्रोफेसर रहे और इनका उद्देश्य इस चरण में जागरूकता सृजित करने के प्रति योगदान करना था।

ख. विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस समारोहः

(i) राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा सम्मान 2016–2017

विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस के अवसर पर कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न व सीआईआई के साथ मिलकर औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग प्रत्येक वर्ष पेटेंट, व्यापार चिह्न, डिजाइन व भौगोलिक उपदर्शन के क्षेत्र मे राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा (आईपी) पुरस्कार प्रदान करता है। राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) पुरस्कार का उद्देश्य उन व्यक्तियों व उद्यमों को उनकी रचनाओं व आईपी के व्यावसायीकरण के लिए पहचानना व पुरस्कृत करना है, जिन्होने देश की बौद्धिक पूंजी का दोहन करने व ऐसी बौद्धिक सम्पदा पारिस्थितिकी जो सृजनात्मकता व नवाचार को बढ़ावा दे बनाने मे योगदान दिया है।

इस वर्ष, यह कार्यक्रम 26 अप्रैल, 2016 को नई दिल्ली मे आयोजित किया गया। श्रीमती निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, जो सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि थी,उन्होने समारोह मे अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी व बौद्धिक सम्पदा पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर, तीन वायपो पुरस्कार जो बौद्धिक सम्पदा मे विशिष्ट सफलताओं के लिए विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डबल्यूआईपीओ) द्वारा वार्षिक आधार पर दिए जाते हैं और जो राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा पुरस्कारों की उपयुक्त श्रेणी से संबन्धित हैं, वे संबन्धित श्रेणी मे विजेताओं को, राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा पुरस्कार 2016 के साथ प्रदान किए गए।

राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार सम्मेलन

राष्ट्रीय बौद्धिक संपदआ (आईपी) पुरस्कार 2016 के अवसर पर, सीआईआई ने औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) और बौद्धिक संपदा कार्यालय (आईपीओ) के साथ मिलकर ''व्यापार रणनीति के साथ आईपी को संरेखित करने'' पर राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया।

वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती निर्मला सीतारमण, श्री रमेश अभिषेक, सचिव, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, श्री चंद्रजीत बनर्जी, महानिदेशक, सीआईआई व श्री ओ.पी. गुप्ता, महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न के साथ पुरस्कार विजेता

ii) फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई), भारत सरकार ने 25 अप्रैल, 2016 को नई दिल्ली मे 'इंटेलेक्चुयल प्रॉपर्टीः ए की इनेबलर फॉर स्ट्रेन्थनिंग इंडिया'ज बिजनेस लेंडस्केप' पर सम्मेलन आयोजित किया।श्री रमेश अभिषेक, सचिव, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, श्री राजीव अग्रवाल,

संयुक्त सचिव, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, श्री ओ पी गुप्ता, महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न, भारत सरकार व डॉ. ए दीदार सिंह, फिक्की के महासचिव, प्रमुख गणमान्य व्यक्ति थे जिन्होंने सम्मेलन में भाग लिया।

सम्मेलन के दौरान **श्री ओ.पी. गुप्ता** ने 'सिक्योरिंग आईपी एज टू बिजनेस ग्रोथ एंड कंपिटेन्स' पर अनुवर्ती सत्र की अध्यक्षता की।

I. **आईपी अवेकः** 17 फरवरी 2017 को एनआई–एमएसएमई, हैदराबाद मे सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर विशेष संगोष्ठी ''भारतीय एमएसएमई को बौद्धिक संपदा का इस्तेमाल करके वैश्विक उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनाना''।

14. मानव संसाधन

वर्ष की मुख्य विशेषताएँ

जनशक्ति की वृद्धि

पेटेंट व डिजाइन परीक्षक – 458

व्यापार चिह्न परीक्षक – 100

प्रशासनिक कर्मचारी वर्ग

परिचयः

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न के अधीक्षण एवं प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत पेटेंट, व्यापार चिह्न रजिस्ट्री, भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री, कॉपीराइट रजिस्ट्री, अर्धचालक एकीकृत परिपथ अभिन्यास डिजाइन रजिस्ट्री व पेटेंट सूचना पद्धति (पीआईएस)/राजीव गाँधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान (आरजीएनआईआईपीएम) अपनी गतिविधियाँ निष्पादित करते हैं।

भारत सरकार ने 11वीं योजना के दौरान अधिक सक्षम सेवा प्रदान करने के लिए ''बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के आधुनिकीकरण और सशक्तिकरण'' योजना के तहत 414 पदों की संस्तुति प्रदान की। इनमें 200 पेटेंट परीक्षकों के पद तथा 37 व्यापार चिह्न परीक्षकों के पद शामिल हैं।

वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग ने 12वीं योजना के दौरान ''बौद्धिक सम्पदा कार्यालय के आधुनिकीकरण और सशक्तिकरण'' योजना के तहत सीजीपीडीटीएम कार्यालय में दो वर्ष की अवधि के लिए 481 पदों (पेटेंट कार्यालय के लिए 373 और व्यापार चिह्न के लिए 108) की संस्तुति प्रदान की है। इन पदों के सृजन का अनुमोदन दिनांक 18.03.2015 के पत्र द्वारा सीजीपीडीटीएम कार्यालय को बताया गया है। 12वी योजना के दौरान सृजित 481 पदों में पेटेंट परीक्षकों के 252 पद और व्यापार चिह्न परीक्षकों के 62 पद शामिल हैं।

इसके अनुसरण में सीजीपीडीटीएम कार्यालय ने राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के साथ एक सहमति की है जिसके अंतर्गत एकस्व और अभिकल्प के परीक्षकों की नियुक्ति की जानी है। राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद् ने फरवरी 2016 में खुली प्रतियोगिता प्रक्रिया के माध्यम से 459 पेटेंट परीक्षकों की भर्ती की। चयनित अभ्यर्थियों में से, 458 अभ्यर्थी पेटेंट कार्यालय में परीक्षक के रूप में शामिल हुए। 31 मार्च 2017 को कुल 580 परीक्षक थे।

विभिन्न बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों में मानव संसाधन

क. मुम्बई में स्थित कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प व व्यापार चिह्नः

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प व व्यापार चिह्न (सीजीपीडीटीएम) में निम्नलिखित सहायक कर्मी हैं:

31 मार्च, 2017 तक कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न की गैरयोजना के तहत अनुमोदित और नियोजित व कार्मिक शक्ति का विवरण

क्र. सं.	पदनाम	नियोजित शक्ति	कार्मिक शक्ति
1	महानियंत्रक	1	1
2	निजी सचिव	1	1
3	स्टाफ कार ड्राइवर	1	1
4	मल्टी–टास्किंग स्टाफ	2	1
	कुल	5	4

हालाँकि, इस कार्यालय के सुचारु कार्य के लिए पेटेंट व व्यापार चिह्न कार्यालयों से अधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

ख. पेटेंट कार्यालय मे मानव संसाधन

पेटेंट कार्यालयों की कार्मिक शक्ति **परिशिष्ट–क** में दर्शायी गई है। यह परिशिष्ट सभी चार कार्यालयों में 31.03.2017 को अनुमोदित कार्य–शक्ति के साथ–साथ नियोजित कार्मिक शक्ति की भी सूचना प्रदान करता है।

ग. व्यापार चिह्न रजिस्ट्री में मानव संसाधन

व्यापार चिह्न रजिस्ट्री की कार्मिक शक्ति **परिशिष्ट ख** मे दर्शाई गई है। यह परिशिष्ट सभी पाँच कार्यालयों में 31.03.2017 को अनुमोदित कार्य–शक्ति के साथ–साथ नियोजित कार्मिक शक्ति की भी सूचना प्रदान करता है।

घ. भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री मे मानव संसाधन

भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री का अपना अलग अनुमोदित मानव संसाधन है। **परिशिष्ट–ग** भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री की 31.03.2017 को अनुमोदित कार्य–शक्ति के साथ–साथ नियोजित कार्मिक शक्ति की भी सूचना प्रदान करता है।

ङ पीआईएस एवं आरजीएनआईआईपीएम में मानव संसाधन

31.03.2017 को पीआईएस एवं आरजीएनआईआईपीएम के अधिकारियों एवं कार्मिक शक्ति का विवरण **परिशिष्ट–घ** में दिया गया है।

परिशिष्ट- क

31 मार्च, 2017 तक पेटेंट कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों की कार्मिक शक्ति का विवरण

क्र.स.	पदनाम	वर्ग	अनुमोदित शक्ति									नियोजित शक्ति									
			कोलकाता		मुंबई		चेन्नई		दिल्ली		कुल	कोलकाता		मुंबई		चेन्नई		दिल्ली		कुल	
			गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.
1	वरिष्ठ संयुक्त नियंत्रक, एकस्व व अभिकल्प	समूह क	0	0	0	0	1	0	0	1	1	1	0	0	0	0	0	0	0	1	0	1
2	संयुक्त नियंत्रक, एकस्व व अभिकल्प	समूह क	0	1	1	0	0	0	1	0	2	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
3	उप नियंत्रक, एकस्व व अभिकल्प	समूह क	1	12	1	8	2	7	3	8	7	35	1	12	1	8	2	7	3	8	7	35
4	सहायक नियंत्रक, एकस्व व अभिकल्प	समूह क	4	4	3	8	14	19	12	27	33	58+ 32*	4	4	3	8	14	19	12	27	33	58
5	परीक्षक, एकस्व व अभिकल्प	समूह क	23	116*	21	25*	29	99*	64	194*	137	200+ 252*	21	116	20	25	27	99	62	194	130	434+ 16^
6	सहायक निदेशक(राभा)	समूह क	1	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7	प्रशासनिक अधिकारी	समूह क	–	–	–	1	–	–	–	1	–	2	–	–	–	–	–	–	–	–	–	0
8	लेखा अधिकारी	समूह क	–	–	–	2	–	–	–	1	–	3	–	–	–	–	–	–	–	–	–	0
		कुल	29	133*	26	44*	46	125*	80	232*	181	584*	26	132	24	41	43	125	77	230	170	544^
1	सहायक प्रशासनिक अधिकारी	समूह ख (राजपत्रित)	1	0	1	1	1	0	1	1	4	2	1	0	1	1	1	0	1	1	4	2
2	सहायक पुस्तकाध्यक्ष व सूचना अधिकारी	समूह ख (राजपत्रित)	1	0	0	1	0	0	0	0	1	1	1	0	0	1	0	0	0	0	1	1
3	निजी सचिव	समूह ख (राजपत्रित)	0	1	0	1	0	1	0	1	0	4	0	1	0	1	0	1	0	1	0	4
		कुल	2	1	1	3	1	1	1	2	5	7	2	1	1	3	1	1	1	2	5	7

*बाद में वितरण

^16 परीक्षक एकस्व एवं अभिकल्प आरजीएनआईआईपीएम, नागपुर मे प्रशिक्षण पर

क्र. सं.	पदनाम	वर्ग																				
			कोलकाता		मुंबई		चेन्नई		दिल्ली		कुल		कोलकात		मुंबई		चेन्नई		दिल्ली		कुल	
			गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.
1	कार्यालय अधीक्षक	समूह ख (अराजपत्रित)	20	11	12	0	10	0	12	1	54	12	17	9	6	0	6	0	12	0	41	9
2	पुस्तकालय एवं सूचना सहायक	समूह ख (अराजपत्रित)	1	0	1	0	1	0	2	0	5	0	0	0	0	0	0	0	1	0	1	0
3	क.हिन्दी अनुवादक	समूह ख (अराजपत्रित)	1	0	1	0	1	0	1	0	4	0	1	0	0	0	1	0	1	0	3	0
4	आशुलिपिक वर्ग–1	समूह ख (अराजपत्रित)	4	0	2	0	2	0	2	0	10	0	2	0	1	0	0	0	0	0	3	0
5	लेखाकार	समूह ख (अराजपत्रित)	0	1	0	2	0	1	0	1	0	5	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		कुल	26	12	16	2	14	1	17	2	73	17	20	9	7	0	7	0	14	0	48	9
1	फोटोग्राफी सहायक	समूह ग	1	0	1	0	1	0	1	0	4	0	1	0	1	0	1	0	1	0	4	0
2	आशुलिपिक – वर्ग–II	समूह ग	1	0	0	2	0	1	0	2	1	5	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
3	प्रवर श्रेणी लिपिक	समूह ग	25	0	7	9	11	4	14	7	57	20	25	0	2	0	8	3	12	5	47	8
4	डाटा इंट्री ऑपरेटर	समूह ग	0	0	0	5	0	7	0	8	0	20	0	0	0	4	0	0	0	3	0	7
5	निम्न श्रेणी लिपिक	समूह ग	9	0	13	0	10	0	12	0	44	0	1	0	1	0	2	0	4	0	8	0
6	हिन्दी टंकक	समूह ग	1	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7	मल्टी–टास्क स्टाफ	समूह ग	42	0	5	2	10	1	10	4	67	7	29	0	3	1	9	0	3	3	44	4
		कुल	79	0	26	18	32	13	37	21	174	52	56	0	7	5	20	3	20	11	103	19

31 मार्च, 2017 तक व्यापार चिह्न रजिस्ट्री की कार्मिक शक्ति का विवरण

क्र.स.	समूह क का पदनाम	अनुमोदित शक्ति												नियोजित शक्ति											
		मुम्बई		कोलकाता		चेन्नई		दिल्ली		अहमदाबाद		कुल		मुम्बई		कोलकाता		चेन्नई		दिल्ली		अहमदाबाद		कुल	
		गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.
1	वरिष्ठ संयुक्त पंजीकार, व्यापार चिह्न व भौ. उ.	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2	संयुक्त पंजीकार, व्यापार चिह्न व भौ.	1	0	1	0	0	1	1	0	0	0	3	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
3	उप पंजीकार, व्यापार चिह्न व भौ. उ.	2	1	1	1	1	1	1	1	0	1	5	5	2	0	1	0	0	0	2	0	0	0	5	0
4	सहायक पंजीकार, व्यापार चिह्न व भौ. उ.	3	2	1	1	1	2+1^	2	3	2	1	9	10	4	0	0	0	1	0	2	0	2	0	9	0
5	वरिष्ठ परीक्षक, व्यापार चिह्न व भौ. उ.	6	15	0	3	1	3+1^	3	4	1	2	11	28	3	2	0	0	1	3	3	0	0	0	7	5
6	सहायक निदेशक (राभा)	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0
7	विधि अधिकारी	0	1	0	0	0	1	0	1	0	1	0	4	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
8	प्रोग्रामर/आईटी स्पेशलिस्ट	0	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
9	प्रशासनिक अधिकारी	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	कुल	13	23	3	5	3	10	7	9	3	5	29	52	10	2	1	0	2	3	7	0	2	0	22	5

^ भौ.उ. रजिस्ट्री के लिए

क्र. सं.	समूह ख का पदनाम (राजपत्रित)	अनुमोदित शक्ति												नियोजित शक्ति											
		मुम्बई		कोलकाता		चेन्नई		दिल्ली		अहमदाबाद		कुल		मुम्बई		कोलकाता		चेन्नई		दिल्ली		अहमदाबाद		कुल	
		गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.
1	परीक्षक, व्यापार चिह्न व भौ.उ.	15	78	1	3	2	4+2^	4	8	2	4	24 100*	99	17	10	0	3	1	2	4	7	2	2	24 100*	24
2	सहायक प्रशासनिक अधिकारी	1	1	0	0	0	0	0	1	0	0	1	2	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	1
3	सहायक पुस्तकाध्यक्ष व सूचना अधिकारी	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0
4	निजी सचिव	2	0	0	0	0	1	0	1	0	0	2	2	2	0	0	0	0	1	0	0	0	0	2	1
5	जन संपर्क अधिकारी	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	कुल	20	79	1	3	2	7	4	10	2	4	29 100*	103	20	10	0	3	1	3	4	8	2	2	27 100*	26

* संविदा के आधार पर परीक्षक, व्यापार चिह्न

^ भौ.उ.रजिस्ट्री के लिए

31 मार्च, 2017 तक व्यापार चिह्न रजिस्ट्री की कार्मिक शक्ति का विवरण

क्र. सं.	समूह ख का पदनाम (अराजपत्रित)	अनुमोदित शक्ति												नियोजित शक्ति											
		मुम्बई		कोलकाता		चेन्नई		दिल्ली		अहमदाबाद		कुल		मुम्बई		कोलकाता		चेन्नई		दिल्ली		अहमदाबाद		कुल	
		गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.
1	कार्यालय अधीक्षक	4	2	–	–	1	1	1	1	–	1	6	5	–	–	–	–	–	–	1	–	–	–	1	–
2	पुस्तकालय व सूचना सहायक	1	–	–	–	–	–	–	–	–	–	1	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
3	आशुलिपिक समूह I	3	–	2	–	2	–	2	–	1	–	10	–	2	–	2	–	2	–	1	–	1	–	8	–
4	सहा. परीक्षक, व्या. चिह्न व भौ. उ.	11	5	2	–	2	1	3	4	3	3	21	13	4	–	1	–	–	–	1	–	–	–	6	–
5	कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक	1	2	–	–	–	–	1	–	–	–	2	2	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
6	लेखाकार	–	1	–	–	–	1	–	1	–	–	–	3	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	कुल	20	10	4	–	5	3	7	6	4	4	40	23	6	–	3	–	2	–	3	–	1	–	15	

क्र. सं.	समूह ग पदनाम	अनुमोदित शक्ति												नियोजित शक्ति											
		मुम्बई		कोलकाता		चेन्नई		दिल्ली		अहमदाबाद		कुल		अहमदाबाद		मुम्बई		कोलकाता		चेन्नई		दिल्ली		कुल	
		गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.	गै. यो.	यो.
1	सहायक अधीक्षक	7	–	2	–	1	–	1	–	–	–	11	–	6	–	2	–	1	–	1	–	–	–	10	–
2	फोटोग्राफी सहायक	1	–	–	–	–	–	–	–	–	–	1	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
3	रोकड़िया	1	–	1	–	1	–	1	–	–	–	4	–	–	–	1	–	1	–	–	–	–	–	2	–
4	प्रवर श्रेणी लिपिक	25	–	5	–	5	1	4	3	3	1	42	5	21	–	5	1	3	1	–	–	1	–	30	2
5	आशुलिपिक समूह II	–	4	1	1	1	1	1	2	–	1	3	9	–	–	–	–	–	–	3	2	–	–	3	2
6	अवर श्रेणी लिपिक	20	–	6	–	7	–	2	–	3	–	38	–	1	–	1	–	1#	–	1	–	–	–	4	–
7	हिन्दी टंकक	1	–	–	–	–	–	–	–	–	–	1	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
8	डाटा इंट्री ऑपरेटर	–	–	–	2	–	4	–	4	–	2	–	12	–	–	–	2	–	–	–	3	–	1	–	6
9	मल्टी–टास्किंग स्टाफ	28	–	8	–	8	–	9	1	4	1	57	2	18	–	4	–	7	–	5	–	2	1	36	1
	कुल	**83**	**4**	**23**	**3**	**23**	**6**	**18**	**10**	**10**	**5**	**157**	**28**	**46**	**-**	**13**	**3**	**13**	**1**	**10**	**5**	**3**	**2**	**85**	**11**

वर्तमान मे भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री में कार्यरत

परिशिष्ट–ग

31 मार्च, 2017 तक भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री में कार्मिक शक्ति का विवरण

क्र.सं.	पदनाम	अनुमोदित शक्ति	नियोजित शक्ति
1	वरिष्ठ संयुक्त पंजीकार, व्यापार चिह्न व भौ.उपदर्शन	1	0
2	सहायक पंजीकार, व्यापार चिह्न व भौ.उपदर्शन	1	1
3	वरिष्ठ परीक्षक, व्यापार चिह्न व भौ.उपदर्शन	1	1
4	आशुलिपिक	1	1
5	मल्टी–टास्किंग स्टाफ	1	1
	कुल	**5**	**4**

परिशिष्ट–घ

31 मार्च, 2017 तक पीआईएस और आरजीएनआईआईपीएम के अधिकारियों और कार्मिक शक्ति का विवरण

क्र.सं.	पदनाम	अनुमोदित शक्ति	नियोजित शक्ति
1	वरिष्ठ प्रलेखन अधिकारी	1	1
2	कार्यालय अधीक्षक	1	1
3	वरिष्ठ प्रलेखन सहायक	1	1
4	कनिष्ठ हिंदी अनुवादक	1	1
5	आशुलिपिक समूह ।	1	1
6	भंडार सहायक	1	1
7	कनिष्ठ प्रलेखन सहायक	1	0
8	कनिष्ठ रिप्रोग्राफी सहायक	3	3
9	सहायक अधीक्षक	1	1
10	आशुलिपिक समूह ।।	1	0
11	शेल्फ सहायक	1	1
12	प्रवर श्रेणी लिपिक	3	3
13	स्वागतकर्ता	1	1
14	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	2	2
15	अवर श्रेणी लिपिक	3	3
16	हिंदी टंकक	1	1
17	मल्टी–टास्किंग स्टाफ	6	5
	कुल	**29**	**27**



राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार नीति

Creative India; Innovative India:
रचनात्मक भारत; अभिनव भारत

उद्देश्य:

इस नीति ने निम्नलिखित सात उद्देश्य निर्धारित किए हैं:

i. आईपीआर जागरूकता
ii. आईपीआर का सृजन
iii. विधि एवं विधायी ढांचा
iv. प्रशासन तथा प्रबंधन
v. आईपीआर का वाणिज्यीकरण
vi. प्रवर्तन तथा न्याय-निर्णय
vii. मानव पूंजी विकास

भविष्य की पहलें



- हितधारकों को परीक्षण रिपोर्ट जारी करने व समयबद्ध कार्यों के बारे में "एसएमएस अलर्ट सेवा" शुरू करना
- आईपीओ वेबसाइट पर पेटेंट कार्यालय ई-जर्नल में जारी की गयी प्रथम परीक्षण रिपोर्ट (एफईआर) की आवधिक सूची का प्रकाशन
- आवेदक के कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियंत्रक के साथ सुनवाई की सुविधा की योजना की जा रही है
- हितधारकों को बौद्धिक सम्पदा-सूचना और सेवा प्रदान करने के लिए मोबाइल एप सेवा विकसित की जा रही है